


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 139

ग्वालियर, शुक्रवार, 9 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.






देश में कोरोना

## 24 घंटे के आंकड़ों ने डराया 45724 मरीज मिले

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार को 45,724 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इस दौरान 44,506 लोग ठीक हुए और 819 की संक्रमण की वजह से मौत हो गई। एक्टिव केस यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या में 359 की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। देश में 56 दिनों के बाद नए केस ठीक होने वाले मरीजों से ज्यादा आए हैं। 56 दिन बाद ही एक्टिव केस में बढ़ोतरी देखी गई है। इससे पहले 12 मई को 3.62 लाख केस आए थे और 3.52 लाख मरीज ठीक हुए थे। इसी दिन एक्टिव केस में 6,399 की बढ़ोतरी हुई थी। उसके बाद से एक्टिव केस में लगातार गिरावट हो रही थी।

### 8 राज्यों में लॉकडाउन जैसी पाबंदियां

देश के 8 राज्यों में पूर्ण लॉकडाउन जैसी पाबंदियां हैं। इनमें पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु, मिजोरम, गोवा और पुडुचेरी शामिल हैं। यहां पिछले लॉकडाउन जैसे ही कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं।

### 23 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में आंशिक लॉकडाउन

देश के 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आंशिक लॉकडाउन है। यहां पाबंदियों के साथ छूट भी है। इनमें कर्नाटक, केरल, बिहार, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, नगालैंड, असम, मणिपुर, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश और गुजरात शामिल हैं।

चित्रकूट में रामभद्राचार्य से मिले मोहन भागवत

# रामभद्राचार्य ने आरएसएस चीफ के डीएनए वाले बयान को गलत ठहराया

### योगी सरकार पर निशाना साधा, बोले- इनका काम केवल सोशल मीडिया तक सीमित

चित्रकूट, एजेंसी

आरएसएस चीफ मोहन भागवत दो दिन से चित्रकूट में हैं। बुधवार को वह पद्म विभूषण जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज से शिष्टाचार भेंट करने के लिए तुलसी पीठ आश्रम गए। करीब डेढ़ घंटे तक चली इस बैठक के बाद रामभद्राचार्य ने बड़ा बयान दिया। भागवत से मुलाकात के बाद जगदुरु रामभद्राचार्य ने कहा, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का डीएनए वाला बयान अनुकूल नहीं है। रामभद्राचार्य यहीं नहीं रुके। उन्होंने योगी सरकार और पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में हुए जिला पंचायत चुनाव पर भी निशाना साधा। बोले, यहां के जिला पंचायत से मैं संतुष्ट नहीं हूं, लेकिन यूपी में फिर भाजपा की सरकार ही बनेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का कामकाज अच्छा नहीं है। योगी सरकार का काम केवल सोशल मीडिया तक ही सीमित है, उसका धरातल पर कोई असर नहीं दिख रहा है। पिछले दिनों गाजियाबाद में भागवत ने कहा था, 'यदि कोई हिंदू कहता है कि मुसलमान यहां नहीं रह सकता है, तो वह हिंदू नहीं है। गाय एक पवित्र जानवर है, लेकिन जो इसके नाम पर दूसरों को मार रहे हैं, वो हिंदुत्व के खिलाफ हैं। ऐसे मामलों में कानून को अपना काम करना चाहिए।' उन्होंने यह भी कहा कि सभी भारतीयों का डीएनए एक है, चाहे वो किसी भी धर्म का हो।




### प्रांत प्रचारकों की कल से बैठक

चित्रकूट में ही अब संघ के प्रांत प्रचारकों की एक बैठक 9 जुलाई से 13 जुलाई तक बुलाई गई है। इसमें शामिल होने के लिए संघ प्रमुख मोहन भागवत समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी चित्रकूट पहुंच गए हैं। बैठक में देशभर के सीनियर प्रचारकों को वर्चुअली जोड़ने का कार्यक्रम भी बनाया गया है। बताया जा रहा है कि बैठक में विधानसभा चुनावों के साथ-साथ कोरोना की स्थिति और अन्य मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। इस बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले, डॉ. कृष्ण गोपाल, डॉ. मनमोहन वैद्य, भैयाजी जोशी सहित राष्ट्रीय स्तर के कई पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में क्कके सभी 6 प्रांतों के प्रांत प्रचारक भी मौजूद रहेंगे। बैठक में कोरोना के बाद त्रस्स कार्यकर्ताओं की सक्रियता को लेकर भी खाका खींचा जाएगा क्योंकि लंबे समय से कार्यकर्ता इस तरह के शिविर और बैठकों से दूर ही रहे हैं। इस अभियान को बड़े स्तर पर शुरू किया जाएगा। इसका उद्देश्य यही होगा कि जनता को समझाया जाए कि मोदी और योगी की वजह से ही आप सेफ हैं।

### दिग्विजय ने कहा- फिर धर्म परिवर्तन के खिलाफ कानून बनाने का क्या फायदा?

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के सभी भारतीय का एक समान डीएनए वाले बयान पर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने तंज कसा है। उन्होंने कहा, 'अगर हिंदुओं और मुसलमानों का ष्ठहृ एक ही है, तो धर्म परिवर्तन के खिलाफ कानून बनाने का क्या फायदा है? लव जिहाद के खिलाफ कानून बनाने की क्या जरूरत थी? इसका मतलब है कि मोहन भागवत और प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का डीएनए भी एक ही है।' दिग्विजय सिंह ने यह बयान मध्यप्रदेश के सीहोर में देर रात एक श्रद्धांजलि सभा के बाद पत्रकारों के सवाल पर दिया है। मोहन भागवत ने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की ओर से हुए कार्यक्रम में कहा था कि देश में हिन्दू-मुस्लिम एकता भ्रामक बात है, क्योंकि वे अलग-अलग नहीं, बल्कि एक ही हैं। पूजा करने के तरीके के आधार पर लोगों में भेद नहीं किया जा सकता है। मोहन भागवत ने कहा कि सभी भारतीयों का ष्ठहृ एक ही है, चाहे वे किसी भी धर्म के हों। मोहन भागवत ने कहा कि भीड़ द्वारा पीट-पीटकर की जाने वाली हत्या (लिंचिंग) में शामिल होने वाले लोग हिंदुत्व के विरुद्ध हैं। मोहन भागवत ने कहा कि गाय पवित्र जानवर है, लेकिन फिर भी किसी को लिंचिंग कर मार देना हिंदुत्व के खिलाफ है।





प्रदेश में राहत की फुहारें शुरू

## बंगाल की खाड़ी से सक्रिय हुआ मानसून पहुंचा

### तीन दिन होगी हल्की बारिश, फिर झमाझम, उमस बरकरार

**भोपाल।** बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हुआ मानसून अब मध्यप्रदेश में भी दस्तक दे चुका है। गुरुवार सुबह जबलपुर, होशंगाबाद, भिंड, गुना, सागर, छिंदवाड़ा में हल्की बारिश ने राहत दी। भोपाल में भी आसमान में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक 10 जुलाई तक हल्की बारिश होगी। वहीं इंदौर और ग्वालियर में उमस और तेज धूप से लोग परेशान हैं। जबलपुर में 1 जुलाई को हुई बारिश के बाद से मौसम रूठा हुआ था। उमस और गर्मी से लोगों का हाल बेहाल था। गुरुवार को हल्की राहत मिली। हालांकि उमस बरकरार है। पिछले 6 दिनों से पारा 34 से 37 तक पहुंच गया था। जबकि पिछले वर्ष इस दौरान अच्छी बारिश होने से तापमान 29 डिग्री सेल्सियस के लगभग था। पिछले 24 घंटे में जबलपुर सहित आसपास के जिलों में बारिश हुई है। सबसे अधिक बारिश बालाघाट के किरनापुर में 77 मिमी हुई है। बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हुआ मानसून छग के रास्ते बालाघाट से जबलपुर होकर प्रदेश में आगे बढ़ेगा।

### पिछले 24 घंटे में हुई बारिश

जबलपुर 14.4 मिमी, मंडला 2.7, छिंदवाड़ा 1.2, सागर 8.8, मलाजखंड14.2, सिवनी 1.4, नरसिंहपुर 1.0, दमोह 18, कटनी 4.8, सीधी 1.6, अनूपपुर अमरकंटक 6.4, पन्ना सिटी 5.1, शहडोल 2 मिमी बारिश हुई ।

ब्लॉक प्रमुख के नामांकन के दौरान

# बम व गोलियां चलीं तीन घायल, भगदड़ मची

सीतापुर जिले के थाना कमलापुर इलाके में ब्लॉक प्रमुख के नामांकन के दौरान गोली व बम चलने से बवाल मच गया। भीड़ को हटाने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा





सीतापुर

सीतापुर जिले के थाना कमलापुर इलाके में गुरुवार को कसमंडा ब्लॉक में नामांकन के दौरान जमकर बवाल हो गया। नामांकन करने जा रही भाजपा से बागी उम्मीदवार को रोकने को लेकर हुए बवाल के दौरान हथगोले चले और कई राउंड फायरिंग भी हुई। घटना के बाद भगदड़ मच गई। पुलिस ने लोगों पर लाठियां भांजी। घटना के बाद तनाव है। फिलहाल पुलिस पूरे हालात को काबू में करने का दावा कर रही है। घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं।

ब्लॉक प्रमुख पद के चुनाव के लिए गुरुवार को जिले के 19 ब्लॉक में नामांकन की प्रक्रिया चल रही थी। इसी बीच कसमंडा ब्लॉक में भाजपा प्रत्याशी गुड्डी देवी अपना नामांकन करने के बाद ब्लॉक से चली गई। बताया जाता है कि कुछ देर बाद निर्दलीय प्रत्याशी मुन्नी देवी नामांकन करने ब्लॉक के अंदर जा रही थी तभी उन्हें रोक दिया गया।


बताया जाता है कि मुन्नी देवी को गुड्डी देवी के समर्थकों ने रोका था। मुन्नी देवी भाजपा से ही टिकट मांग रहीं थीं। नहीं मिलने पर बगावत करते हुए वह निर्दलीय के रूप में नामांकन करने जा रही थीं। इसी को लेकर वाद-विवाद शुरू हो गया। कहासुनी के दौरान मामला तूल पकड़ गया और देखते ही देखते गोलियां चलने लगीं। कई राउंड फायरिंग के बीच हथगोले भी चले। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। घटना को देख मौके पर मौजूद कुछ पुलिसकर्मी भी अपनी जान बचाते हुए भागते नजर आए। हालांकि, कुछ ही देर में मामला शांत हो गया। पुलिस ने हालात को काबू में करने के लिए भीड़ पर लाठियां भी चलाई।

## कैबिनेट फेरबदल के एक दिन बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नए मंत्रियों के साथ काम करना शुरू किया

नईदिल्ली।

केंद्रीय मंत्रिमंडल में बड़े फेरबदल के एक दिन बाद गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नए मंत्रियों के साथ काम शुरू किया। प्रधानमंत्री ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आइआइटी बॉम्बे, आइआइटी मद्रास, आइआइटी कानपुर और आइआइएससी बैंगलोर जैसे केंद्रीय वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों के निदेशकों के साथ बातचीत की। इस बातचीत में नए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी शामिल हुए। सूत्रों ने कहा कि यह बातचीत शिक्षण संस्थानों में और सुधार सुनिश्चित करने के लिए पीएम मोदी के व्यक्तिगत प्रयासों का एक हिस्सा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने मंत्रिपरिषद में बड़ा फेरबदल और विस्तार किया। विस्तार में उत्तर प्रदेश और गुजरात सहित उन राज्यों का अधिक प्रतिनिधित्व देखने को मिला, जहां अगले साल चुनाव होने हैं। सरकार में युवा प्रतिभाओं के अलावा ओबीसी और एससी का भी प्रतिनिधित्व बढ़ा है। कैबिनेट की औसत आयु में कमी आई है। ये बदलाव संसद के मानसून सत्र से कुछ दिन पहले किए गए हैं। कोरोना से संबंधित प्रोटोकॉल के साथ राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में कैबिनेट मंत्रियों के रूप में पदोन्नत किए गए सात सहित 43 मंत्रियों ने पद की शपथ ली।



### 2019 में सत्ता में लौटने के बाद पहली बार केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल

मई 2019 में मोदी सरकार के सत्ता में लौटने के बाद पहली बार केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल और विस्तार हुआ। ज्योतिरादित्य सिंधिया, भूपेंद्र यादव, सर्बानंद सोनोवाल और पशुपति कुमार पारस ये कुछ वो बड़े नाम हैं, जिन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। सात महिला सांसदों ने मंत्रिपरिषद में केंद्रीय मंत्री के तौर पर शपथ ली। इनमें अनुप्रिया पटेल, शोभा करंदलाजे, दर्शन विक्रम जरदोश, मीनाक्षी लेखी, अन्नपूर्णा देवी, प्रतिमा भौमिक और भारती प्रवीण पवार शामिल हैं। इसके अलावा सात राज्य मंत्रियों ( MoS ) को कैबिनेट मंत्रियों के तौर पर पदोन्नत किया गया है। इनमें जी किशन रेड्डी, किरण रिजिजू, अनुराग ठाकुर, हरदीप पुरी, राज कुमार सिंह, पुरुषोत्तम रूपाला और मनसुख मंडाविया शामिल हैं।

## नहीं रहे पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह

लेह, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रहे कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह का 87 साल की उम्र में गुरुवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। उन्होंने सुबह 3: 40 बजे शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आखिरी सांस ली। यहां वे करीब दो महीने से भर्ती थे। सोमवार को उन्हें सांस लेने में तकलीफ थी, जिसके बाद उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। वीरभद्र सिंह को दो बार कोरोना हुआ। पहली बार 12 अप्रैल और दूसरी बार 11 जून को उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। एक दिन पहले ही बुधवार को आईजीएमसी के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. जनक राज ने कहा था कि वीरभद्र सिंह की हालत गंभीर, लेकिन स्थिर बनी हुई है। वीरभद्र सिंह का जन्म 23 जून 1934 को हुआ। उनके पिता पदम सिंह बुशहर रियासत के राजा थे। वीरभद्र सिंह 1962 में पहली बार महासू सीट से लोकसभा चुनाव जीते थे। इसके बाद वे 1967, 1971, 1980 और 2009 में भी लोकसभा के लिए चुने गए। वीरभद्र पहले रोहडू सीट से विधानसभा चुनाव लड़ते थे। बाद में रोहडू सीट आरक्षित हुई तो उन्होंने 2012 में शिमला ग्रामीण सीट से चुनाव लड़ा। 2017 में उन्होंने यह सीट बेटे विक्रमादित्य सिंह के लिए छोड़ दी



और खुद अर्की से चुनाव लड़े। अभी वे अर्की सीट से विधायक थे। वीरभद्र सिंह ने 1983 से 1985 तक पहली बार, 1985 से 1990 तक दूसरी बार, 1993 से 1998 तक तीसरी बार, 1998 में कुछ दिन के लिए चौथी बार, 2003 से 2007 तक पांचवीं बार और 2012 से 2017 तक छठी बार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। वे यूपीए सरकार में केंद्रीय इस्पात मंत्री भी रहे। उनके पास सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय भी रहा। इससे पहले वे इंदिरा गांधी की सरकार में दिसंबर 1976 से 1977 तक केंद्रीय पर्यटन और विमानन राज्य मंत्री रहे। वे 1982 से 1983 तक केंद्रीय उद्योग राज्यमंत्री रहे।




## संक्षिप्त समाचार

### भूराखो और भदैयाकुंड आदि पर्यटक स्थलों पर 31 अगस्त तक आमजन का प्रवेश प्रतिबंधित

शिवपुरी। कोविड-19 के तहत शिवपुरी जिले के सुलतानगढ़ वाटरफॉल, भदैयाकुण्ड, भुराखो, टुंडा भरका, मड़ीखेड़ा बांध आदि पर 31 अगस्त तक आमजन का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है उक्त आदेश एसडीएम अरविंद बाजपेई द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत जारी किया गया है इन स्थानों पर कार्यक्रम के आयोजन के पूर्व अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय से अनुमति लिए जाना आवश्यक है अनुमति न दिए जाने पर उल्लंघन करता के विरुद्ध भादवि की धारा 188 और आपदा प्रबंधक 2005 की धारा 5163 के अंतर्गत आत्मक कार्रवाई की जाएगी अनुविभागीय अधिकारी द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि जन सामान्य की जान एवं माल की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए तहसील शिवपुरी के सुलतानगढ़ वॉटरफॉल एवं जिला ग्वालियर की सीमा भड़ैया कुंड मड़ीखेड़ा बांध,टुंडा भरका, भूराखो, पर आमजन का आना जाना प्रतिबंधित रहेगा बताइए कुंड में सामाजिक संस्कृतिक कार्यक्रम करने के दौरान भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड-19 की गाइडलाइन का पूरा पालन किया जाएगा साथ ही कार्यक्रम के पूर्व अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय से अनुमति लिए जाना आवश्यक है यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### दहेज में बाइक व एक लाख रु. नहीं मिले तो बहू को घर से निकाला

शिवपुरी। दहेज में बाइक और एक लाख रुपए नगद नहीं मिलने पर ससुर वालों ने बहू को घर से निकाल दिया। बामौरकलां थाना पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज एक्ट के तहत केस दर्ज कर मामला विवेचना में ले लिया है। जानकारी के अनुसार निशा उम्र 26 वर्ष पत्नी जगदीश अहिरवार निवासी बामौरकलां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 19 जून 2017 को शादी हुई थी। शादी के बाद ससुराल वालों कुछ समय तक ठीक रखा, फिर दहेज में बाइक और एक लाख रुपए की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं हुई तो मारपीट करने लगे और फिर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति जगदीश अहिरवार, ससुर पर्वत सिंह, सास शकुन वाई, जेठ हरिराम और नारायण अहिरवार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### बजाज फाइनेंस ने किया कोरोना योद्धाओं का सम्मान, बांटे मास्क और सेनेटाईजर किट

शिवपुरीद्व कोरोना के कहर के बाद राहत के दौरान अब बजाज फाईनेंस भी सामने आया है। जिसके चलते बजाज फाईनेंस के स्टाफ ने कोरोना योद्धाओं का सम्मान करते हुए मास्क सेनेटाईलर सहित किट बांटी।



सबसे पहले बजाज फाईनेंस के स्टाफ ने देहात थाने पहुंचकर एएसआई अंकित उपाध्याय को किट सौंपते हुए उन्हें सम्मानित किया।इस दौरान ब्रांच मेनेजर अतीश कटियार,असिस्टेंट ब्रांच मेनेजर सुमित कुमार,एरिया कलेक्शन मेनेजर मनोज शर्मा,सेल्स मेनेजर विशाल सिंह जादौन सहित समस्त स्टाफ उपस्थिति रहा।

### पेट्रोल पंप व्यवसाई विनोद सिंह का निधन शोक संवेदनाएं

प्रतिनिधि शिवपुरी। शहर के जाने-माने पेट्रोल पंप व्यवसाई विनोद सेंगर का गुरुवार कि सुबह लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया जिनकी अंतिम यात्रा गुरुवार सुबह 8ः00 बजे उनके निजी निवास विवेकानंद कॉलोनी से निकाली गई जहां मुक्तिधाम पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया श्री सेंगर के आकस्मिक निधन से शहर में शोक की लहर दौड़ गई और उनके निधन पर लोगों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

# कांग्रेस सरकार का तख्ता पलटने का सिंधिया को मिला इनाम, बने नागरिक उड्डयन मंत्री

### पिता स्वर्गीय माधवराव सिंधिया भी नरसिम्हा राव सरकार में रह चुके हैं नागरिक उड्डयन मंत्री





कांग्रेस की सरकार का तख्ता पलटने का इनाम केंद्रीय मंत्री के रूप में आखिरकर ज्योतिरादित्य सिंधिया को मिल ही गया भाजपा ने उन्होंने उन्हें राज्यसभा सांसद पहले ही बना दिया था श्री सिंधिया को नागरिक उड्डयन मंत्रालय का प्रभार सौंपा है जिसका जिम्मा तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार में उनके पिता स्वर्गीय माधवराव सिंधिया भी संभाल चुके चुके हैं।

भाजपा सरकार में ज्योतिराज सिंधिया का रुतबा भी बड़ा है कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार में सिंधिया पतन प्रभार के राज्यमंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी क्षमता पर विश्वास कर उन्हें कैबिनेट मंत्री का दायित्व सौंपा है इस महीने में भाजपा में सिंधिया का रुतबा बढ़ा है इससे भाजपा में सिंधिया के महत्व और प्रभाव को समझा जा सकता है संगठन में अभी सिंधिया समर्थकों को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया भाजपा के शासनकाल में प्रदेश और देश में जिस तरह से सिंधिया को सम्मान मिल रहा है उससे प्रदेश की राजनीति में भी एक अहम बदलाव आदमी दिनों में देखने को मिल सकता है सिंधिया के रूप में भाजपा को एक ऐसा चेहरा मिल सका है जिसकी जनता में अच्छी पकड़ है और वह युवा भी है तथा उनके हाथ में प्रदेश सौंपकर निश्चित रहा जा सकता है। कांग्रेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी की नजदीकी के बाद भी प्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया को कदम-कदम पर दिक्कतों का सामना करना पड़ा था ज्योतिरादित्य के प्रभाव से उनके विरोधी इतने भयभीत थे कि उन्हें प्रदेश की मुख्यधारा से अलग करने के लिए तमाम विरोध के बावजूद उन्हें आपस में हाथ मिला लिया था सिंधिया के मुख्य विरोधियों में दिग्विजय सिंह कमलनाथ अजय सिंह अरुण यादव की गिनती की जाती है कांग्रेस में 2013 और 2018 के विधानसभा चुनाव में सिंधिया के फेस के आधार पर चुनाव लड़ने की बात चली थी लेकिन सिंधिया विरोधियों ने इसका विरोध किया जिसके चलते 2013 में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी और 2018 में भी स्पष्ट रूप से सिंधिया को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया लेकिन चुनाव अभियान समिति का प्रमुख बनाकर जनता में यह संदेश दिया कि सत्ता में आने पर मुख्यमंत्री ज्योतिरादित्य होंगे जिसके परिणाम स्वरूप सिंधिया के प्रभाव बाले ग्वालियर चंबल संभाग में भाजपा को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा और संभाग की 34 सीटों में से 26 सीटों पर कांग्रेस ने विजयश्री हासिल की भाजपा सिर्फ 6 सीटों पर सिमट गई बृजेश में कांग्रेस को 2018 के चुनाव में सत्ता में लाने में मुख्य रोल ग्वालियर चंबल संभाग में कांग्रेस को मिली भारी जीत कथा 230 संसदीय विधानसभा में कांग्रेस ने 114 और भाजपा ने 109 सीटों पर जीत हासिल की थी तथा सपा बसपा एवं निर्दलीय विधायकों के समर्थन से कांग्रेस को स्पष्ट रूप से बहुमत मिल गया जब मुख्यमंत्री बनने की बात आई तो सिंधिया विरोधियों ने हाथ मिलाकर उन्हें दौड़ से बाहर कर दिया और कमलनाथ मुख्यमंत्री बन गए सिंधिया समर्थक विधायकों को कम महत्वपूर्ण विभाग दिए गए और प्रशासन में भी सिंधिया समर्थक मंत्रियों की कोई कदर नहीं रही विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में जब गुना शिवपुरी संसदीय सीट पर मोदी लहर के कारण ज्योतिरादित्य को पराजय मिली तो कांग्रेसमें उनके विरोधियों के हौसले और मजबूत हो गए तथा उन्होंने सिंधिया को जलील करने का कोई मौका नहीं छोड़ा जब सिंधिया ने मुख्यमंत्री कमलनाथ को जनता से किए गए वायदों की याद दिलाई तो कहा कि वायदे पूरे नहीं हुए तो मुझे तड़प पर उतरना होगा इस पर कमलनाथ का जवाब था कि सिंधिया चाहे तो सड़क पर उतर जाएं प्रदेश में 2020 के प्रारंभ में 2 सीटों पर राज्यसभा के निर्वाचन की बात आई तो सिंधिया विरोधियों ने संगठन कर उन्हें टिकट की दौड़ से बाहर करने की रणनीति बनाई ऐसी स्थिति में सिंधिया के पास दो ही विकल्प से याद तो वह अपमानित होकर उस पार्टी में बने रहे जिसमें वह 20 साल से थे या फिर स्वाभिमान को बरकरार रख अपना एक नया राजनीतिक रास्ता चुने सिंधिया ने ऐसे में दूसरे विकल्प को चुना और चुनते भी क्यों नहीं उनके समर्थक विधायकों ने उनके आव्हान पर मंत्री पद और विधायक पद को नो छावर करने का प्रस्ताव उनके समक्ष रखा सिंधिया समर्थक 22 विधायकों में से छह मंत्री थे और उनके विधायक पद से इस्तीफे के पश्चात कांग्रेस सरकार अलफत में आ गई तथा प्रदेश में भाजपा की सत्ता में वापसी हो गई मुख्यमंत्री पद पर शिवराज सिंह चौहान की ताजपोशी हुई इसके बाद 28 सीटों पर हुए विधानसभा चुनाव में सिंधिया भाजपा के फिर बने और उनके प्रभाव मंडल के कारण भाजपा ने 19 सीटों पर विजय श्री हासिल कर विधानसभा में स्पष्ट बहुमत प्राप्त कर लिया भाजपा ने सिंधिया से किए वायदे को निभाया उन्हें राज्यसभा में भेजा और सिंधिया समर्थक मंत्रियों को महत्वपूर्ण पद दिए शिवराज मंत्रिमंडल में 28 मंत्रियों में सिंधिया खेमे के 9 मंत्री हैं भाजपा ने संगठन में सिंधिया की इच्छा का सम्मान करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों में अपेक्षा से अधिक सिंधिया समर्थकों को स्थान दिया हाल ही में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति की है और खास बात यह है कि ग्वालियर चंबल संभाग में भाजपा ने सिंधिया के दबदबे को मानते हुए मुरैना संसदीय क्षेत्र को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में सिंधी समर्थक मंत्रियों को प्रभारी मंत्री बनाया है सिंधिया के केंद्रीय मंत्री बनने से उनके कद और इजाफा हुआ है लेकिन उनके समर्थक कहते हैं कि अभी तो यह अंगड़ाई है आगे देखिए होता है क्या लेकिन इतना तो तय है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में त्रासदी के रूप में मिली सिंधिया की हार 2 साल बाद उनके लिए वरदान बन गई।

### प्रदेश की राजनीति में सिंधिया का रुतबा बढ़ने की संभावना

भाजपा हाईकमान से सीधे संपर्क के कारण प्रदेश में संगठन और सरकार दोनों पर सिंधिया का दबाव रहने की आशा है ग्वालियर चंबल संभाग में तो भाजपा ने सिंधिया की पकड़ स्वीकार ही कर लिए लेकिन अन्य प्रदेश संभागों और क्षेत्रों में भी निकट भविष्य मैं ज्योतिरादित्य सिंधिया की पकड़ काफी मजबूत रहने की संभावना है प्रदेश में 15 साल से भाजपा की सरकार का बीज है लेकिन अभी तक प्रदेश की राजनीति में कोई ऐसा नेता नहीं था जो शिवराज सिंह चौहान को चुनौती दे सके जनता के बीच पार्टी के अन्य नेताओं की तुलना में शिवराज सिंह चौहान की लोकप्रियता असंदिग्ध थी ऐसा नहीं कि प्रदेश के अन्य नेताओं में शिवराज सिंह के प्रति नाराजगी नहीं रही हो पिछले दिनों मैं भाजपा के प्रदेश नेताओं की गुपचुप बैठक को से शिवराज सिंह को चुनौती मिलने की आशंका नजर आने लगी थी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के विरोधी लामबंद होने लगे थे लेकिन भाजपा आलाकमान ने महसूस किया कि फिलहाल शिवराज सिंह चौहान का कोई विकल्प नहीं है और पार्टी के पास कोई ऐसा चेहरा नहीं जो जनता के मन भावन हो परंतु अब ऐसा लग रहा है कि भाजपा सिंधिया के चेहरे पर यकीन कर रही है और जनता के बीच उनकी लोकप्रियता स्वीकार कर ली गई है इस कारण उन्हें प्रदीप की राजनीति में शिवराज सिंह का मजबूत विकल्प माना जा सकता है।

### ज्योतिरादित्य अपने पिता और मेरे भाई के सपनों को देंगे नई बुलंदी यशोधरा राजे

प्रदेश सरकार की वरिष्ठ मंत्री और नवनियुक्त केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की बुआ यशोधरा राजे सिंधिया ने अपने भतीजे को मंत्री बनने पर उन्हें आत्मीय और स्नेह वारी शुभकामनाएं दी उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए ट्वीट किया कि जिस पद पर दादा ( स्व.माधवराव सिंधिया ) ने उड़ान भरी उसी पद पर ज्योतिराज सिंधिया विराजमान हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री बनने पर उन्हें आत्मीय शुभकामनाएं उनके समक्ष अब मौका है मेरे भाई माधवराव सिंधिया के सपनों को नई

## किसान बेहतर तकनीकों का उपयोग करते हुए कृषि से लाभ प्राप्त करें, एक दूसरे के साथ साझा करें योजना: कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह

### आत्मा योजना अतर्गत उन्नतशील कृषकों का प्रशिक्षण का आयोजन

शिवपुरी।





कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था में समृद्ध कृषि से ही अर्थव्यवस्था मजबूत होगी इसलिए किसान बेहतर तकनीकों का उपयोग करते हुए कृषि से लाभ प्राप्त करें। विभिन्न विभागों के समन्वय से चलाई जा रही कृषि व उससे संबंधित योजनाओं का लाभ लेने के साथ ही नवाचारों का उपयोग करें जिससे किसान को खेती से लाभ मिलेगा। यह बात कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने उन्नतशील किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही। गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र में आत्मा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2021-22 के लिए इंटरफ़ेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के अलग-अलग गांव से आने वाले किसानों को कृषि संबंधी तकनीकों और नवाचार ओं की जानकारी दी गई। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किसानों से चर्चा की और कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण का पूरा लाभ लें। यह प्रशिक्षण तभी प्रभावी होगा जब किसान ना केवल सुने बल्कि जिन्होंने कृषि के क्षेत्र में कुछ नवाचार करके लाभ कमाया है वह एक दूसरे से अपने विचार साझा करें। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक शैलेंद्र कुशवाह ने बहु किसानों को जानकारी दी। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ तमोरी, कृषि विभाग के उपसंचालक यूएस तोमर, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक राजपूत, सहायक संचालक मत्स्य विभाग रजक, कृषि वैज्ञानिक भार्गव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ उपस्थित थे। प्रशिक्षण में किसानों को कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी, उद्योग आदि विभागों की योजना और नई तकनीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोलारस से आए किसान गुरमीत सिंह, नरवर के समोहा ग्राम के किसान बहादुर सिंह रावत सहित अन्य किसानों ने भी अपने विचार साझा किये।

## ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर चोरी से ले जाई जा रही थी रेत



शिवपुरी। जिले के मोती के ग्राम चंदवानी में लोटना तिराहे के पास से पुलिस ने एक रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी है हालांकि पुलिस को देखकर ट्रैक्टर चालक कौन भाग गया जिसे पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन मैं पुलिस के हाथ नहीं लगा पुलिस ने उक्त ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त कर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भादवी की धारा 379,414 सहित 4(1), 21(1) खान एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीकृत कर लिया है बुधवार की दोपहर पोती टीआई पूनम सविता क्षेत्र से ब्राह्मण कर थाने आ रही थी यहां रास्ते में खून सिरसौद रोड पर लोटना चौराहे के पास एक ट्रैक्टर ट्रॉली होने आती हुई दिखी जिसे उन्होंने रोक लिया ट्रॉली में रेत भरी हुई थी जिससे परिवहन संबंधित रॉयल्टी मांगी तो ट्रैक्टर चालक कि आई को चकमा देकर ट्रैक्टर से कूद कर भाग गया इसके बाद टीआई ने थाने से पोस्ट मंगवाया और ट्रैक्टर ट्रॉली को थाने ले आई जहां पुलिस ने ट्रैक्टर नंबर से ट्रैक्टर मालिक का नाम पता किया तो वह सोहन सिंह परमार के नाम पर था पुलिस अब यह जांच कर रही है कि ट्रैक्टर मालिक सोहन सिंह परमार घटना के समय ट्रैक्टर चला रहा था या फिर कोई अन्य व्यक्ति पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि ट्रैक्टर कौन चला रहा था उसके बाद स्नढ्ढक्रमें अज्ञात के स्थान पर संबंधित का नाम जोड़ा जाएगा।

## पटेल पार्क पहुँच कलेक्टर एसपी ने चलाया रोको टोको अभियान कहा-यदि लोग मास्क नहीं लगाएंगे तो पार्कों को लेकर लेना होगा कड़ा निर्णय



शिवपुरी।

तीसरी लहर की आशंकाओं के मद्देनजर चलाए जा रहे रोको टोको अभियान के तहत शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल गुरुवार की शाम शिवपुरी के वार्ड 31 में स्थित पटेल पार्क पहुंचे, जहां पहुंचकर उन्होंने वहां घूमने आने वाले लोगों को न सिर्फ मास्क लगाने के प्रति सचेत किया बल्कि उन्हें यह भी चेतावनी दी कि यदि आप लोग मास्क लगाकर नहीं रखेंगे तो पार्कों को लेकर कठोर निर्णय लेना पड़ सकता है ।कलेक्टर शिवपुरी ने जब वहां के नियमित घूमने वाले लोगों से चर्चा की तो उन्होंने उन्हें बताया कि पार्क में रविवार के दिन खासी भीड़ रहती है और उस भीड़ को नियंत्रित करना असंभव सा हो जाता है यह सुनकर कलेक्टर शिवपुरी का कहना था कि यदि यह बात है तो रविवार को पार्कों को बंद करने का निर्णय भी लिया जा सकता है। कलेक्टर शिवपुरी ने पार्क व्यवस्थापक अशोक अग्रवाल को यह भी निर्देश दिए कि पार्कों में प्रवेश करने के लिए सिर्फ एक ही गेट का उपयोग किया जाए बाकी अन्य गेटों को बंद रखा जाए। कलेक्टर शिवपुरी यहां से सावरकर पार्क के लिए रवाना हो गए उनका कहना था कि शहर के अन्य पार्कों का निरीक्षण करने के उपरांत जो राय सामने आएगी उसके बाद उचित निर्णय लिया जाएगा, लेकिन किसी भी हालत में पार्कों को सुपर स्प्रेडर बनने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने इस हेतु पार्क के नियमित सदस्यों से सहयोग करने की भी अपील की।

## जे जे आर्यन जैन ने पौंधे रौंपकर मनाया अपना जन्मदिन



शिवपुरी। जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा के सदस्य जेसी नीतू शैलेंद्र जैन के बेटे जेजे विंग्स उड़ान के मेंबर जेजे आर्यन जैन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आदर्श नागर कॉलोनी के अष्टभुजी मन्दिर में पौधारोपण किया गया । जिसमे 50 पौधे लगाए गए,जिसमे जेसीआई मेंबर ओर जेजे विंग्स के बच्चो द्वारा पौधरोपण किया गया , जिसमे अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के जिला समन्वय धर्मेंद्र सिंह सिसौदिया ओर ब्लॉक समन्वय कृष्ण पाल सिंह जादौन उपस्थित रहे । जिसमे अध्यक्ष जेसी स्मिता सिंघल, जेसी नंदा खंडेलवाल , जेसी आशु अग्रवाल , जेसी नीतू जैन (ज्वैलर्स) , जेसी रसमी गोयल , जेसी नीता श्रीवास्तव , जेसी दीपिका सक्सेना , जेसी रुचि मंगल और नॉन जेसी मेंबर के रुप में सुनीता ओझा , अंबिका शर्मा , अनीता जैन , सोना जैन (जैनम मेडिको) उपस्थित रहीं और जेजे विंग्स उड़ान की अध्यक्ष जेजे श्रूतिका गोयल , जेजे आर्यन जैन , जेजे ध्रुव गोयल और प्रत्याशा शर्मा उपस्थित रहीं ।यह प्रोग्राम अंकुर अभियान के तहत किया गया । जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा ने एक कदम बढ़ाते हुए पहली बार बच्चो द्वारा पौधा रोपण कराके बच्चों के मन में एक नई उमंग जगाने की पहल की गई ।

## पोहरी मंडी प्रांगण में हुआ वृक्षारोपण, आप भी वायुदूत ऐप डाउनलोड करें और पंजीयन करें









शिवपुरी।

वृक्षारोपण को बढ़ावा देने और प्रदेश को हरा भरा बनाने के उद्देश्य से अंकुर अभियान शुरू किया गया है। शिवपुरी में भी सभी को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक वृक्षारोपण हो। गुरुवार को पोहरी मंडी प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, जीतू राठखे?ा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों व स्वसहायता समूह की महिलाओं ने पौधा लगाया। मंडी प्रांगण में नीम, शीशम सहित अन्य भी पौधे लगाए गये। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा है कि सभी अंकुर अभियान से जु?ें। सभी नागरिक एक एक पौधा अवश्य लगाएं। अपने घर या घर में जगह ना होने पर अपने आसपास पौधे लगाएं और उसकी देखभाल करें, क्योंकि वृक्ष हमें प्राणवायु प्रदान करते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्ष लगाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा है कि अंकुर अभियान से जुड़ने के लिए सबसे पहले वायुदूत ऐप डाउनलोड करें। कोई भी प्रतिभागी गूगल प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड कर सकता है और इस ऐप पर अपना पंजीयन कराएं। पंजीयन कराने के बाद पौधा लगाकर एप पर फोटो अपलोड करें और 30 दिन उन्हें उस विकसित पौधे की फोटो अपलोड करना है। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने और वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है इसलिए सभी से इस अभियान से जुड़ने की अपील की जा रही है। जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी महेंद्र जैन ने बताया कि अंकुर अभियान के तहत जिले में अभी तक 2 हजार 570 पंजीयन हुए हैं। अभियान के तहत कार्य योजना बनाकर काम किया जा रहा है जिसमें वायुदूत ऐप डाउनलोड कर पंजीयन करने के लिए लोगों को जानकारी दी जा रही है ताकि जो वृक्ष लगा रहे हैं उसका ?ोटो एप पर अपलोड करें। इनमें से कुछ चयनित प्रतिभागियों को अवार्ड से भी सम्मानित किया जाएगा।

## बस कंडक्टर ने चलती बस में साथियों के शुरू की शराब पार्टी, मामला दर्ज

भिण्ड। ग्वालियर से भिंड की ओर आ रही एक बस के कंडक्टर अपने साथियों के साथ शराब पार्टी शुरू की। यह बस देर रात भिंड सीमा पर जैसे प्रवेश की वैसे ही उसने अपने साथी बुलाए और चलती बस में शराब की बोतल खोल दी। यह शराब की बोतल को देख सवारी दहशत में आ गई। इसी दौरान किसी यात्री ने वीडियो बनाकर स्ब्हक्क गोहद नरेंद्र सोलकी को भेज दिया। इसके बाद गोहद चौराहा थाना पुलिस सक्रिय हुई और बस कंडक्टर पर मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते बुधवार की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे ग्वालियर से समाधिया ट्रेब्लर्स की बस रवाना हुई। बस का कंडक्टर रिंकू तोमर निवासी तुकेडा थाना मालनपुर का रहने वाला है। यह बस चालक, मालनपुर एरिया निकलने के बाद बस के अंदर ही शराब पार्टी करने लगा। कंडक्टर अपने तीन चार साथियों के साथ बस के गेट पर खड़ा हो गया। वहीं खड़े होकर शराब की बोतल खोलते हुए पैग बनाकर पीने लगा। इसके साथ तीन-चार साथी और थे। सभी नशा करने लगे और साथी ही गाली गलौज करते रहे। बस में लेडीज व जेंटस और बच्चे सभी प्रकार के यात्री सवार थे। कुछ लोगों ने रोका-टोकी की तो उन्हें धमकाने लगा। इसी दौरान किसी यात्री ने कंडक्टर का शराब पार्टी करते हुए का वीडियो बना लिया और पुलिस को भेज दिया। इसके बाद जैसे ही बस गोहद थाना की सीमा में आई तो वैसे ही पुलिस ने दबोच लिया। रात करीब 11 बजे पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया के केंद्रीय मंत्री बनाये जाने पर भिण्ड में चलाई आतिशबाजी एवं बांटी गई मिठाई

भिण्ड। केंद्र की भाजपा सरकार की दूसरी पारी में द्वितीय मंत्रिमंडल विस्तार में मध्यप्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया को कैबिनेट मंत्रिमंडल में नागरिक उड्डयन मंत्री बनाये जाने पर पूरे मध्यप्रदेश के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं जनता जनार्दन में हर्ष का माहौल है, जन जन के लाडले जनसेवक सिंधिया के केंद्रीय मंत्री बनते ही हर तरफ बधाई एवं शुभकामनाओं के दौर शुरू हो गए हैं। इसी तारतम्य में भिण्ड शहर के व्यापार मंडल धर्मशाला स्थित कैलाशवासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन वेक्सिनेशन सेंटर पर सिंधिया के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बनाये जाने की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहित होकर आतिशबाजी की और उपस्थित वेक्सीनेटर्स, हेल्थ वर्कर्स ,आम जनता एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।



इस अवसर पर भाजपा नेता राहुल भारद्वाज ने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के केंद्रीय मंत्री बनाये जाने से हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार हुआ है, अब हमारे ग्वालियर चम्बल क्षेत्र की जनता के लिए और बेहतर प्रयास केन्द्रीय मंत्री के द्वारा किये जा सकेंगे, इसी बात की खुशियां मनाने के लिए आज हम सभी हमारे वरिष्ठ नेता एवं कै. माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन वेक्सिनेशन सेंटर के संयोजक डॉ रमेश दुबे के निर्देशन में वैक्सीन लगवाने आई जनता,हेल्थ वर्कर्स एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और आतिशबाजी कर खुशियां मनाई, हम सभी भाजपा कार्यकर्ता देश के यशस्वी प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं कि उन्होंने मध्यप्रदेश के हजारों लाखों कार्यकर्ताओं की दिली की मांग को पूरा किया।

# आशा उषा और आशा सहयोगिनी यों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दे सरकार : कल्पना मिश्रा




भिण्ड। जला अस्पताल प्रांगण में पिछले एक महीने से धरने पर बैठी आशा उषा और आशा सहयोगिनी यों को गुरूवार को महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव कल्पना मिश्रा ने समर्थन पत्र दिया और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को पत्र लिखकर उनकी मांगों को तत्काल निराकरण करने की मांग की। इस अवसर पर कल्पना मिश्रा ने कहा की आशा उषा और आशा सहयोगिनी कोरोना काल में अपनी और अपने परिवार की जान जोखिम में डालकर बिना संसाधनों के और बिना कोई पारा श्रमिक लिए घर घर जाकर सेवा की है इसलिए सरकार को उनकी समस्त 6 मांगों को मांग कर उनका सम्मान करना चाहिए उन्होंने कहा कि जल्दी वह प्रदेश महिला कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से मुलाकात करके उनकी मांगों का मांग पत्र सौपेगी मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस उनकी मांगों का समर्थन करती है और आशा करती है उनकी मांगे जल्द पूरी हो। इस अवसर पर उनके साथ जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जय श्री राम बघेल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ राधेश्याम शर्मा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम हर्ष सिंह शहर अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा नगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, रेखा भदौरिया, स्नेह लता जैन, अशोक गुप्ता, राजमणि शर्मा, राहुल कुशवाह, चंद्रपाल परिहार, मनोज जैन, महेश जाटव, बलराम जाटव, सतपाल अगरिया, अजय शर्मा, मनीष शिवहरे दर्शन सिंह तोमर, नानू अरेले, कमलेश जाटव, मोहर सिंह, नीलम भदोरिया, राजू त्रिवेदी, पिंटू शर्मा, हिम्मत सिंह हरिऔध, विनोद जाटव आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

## विश्व जनसंख्या स्थिरता माह 11 जुलाई से 11 अगस्त तक

भिण्ड । विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई के अवसर पर सम्पूर्ण जिले में 11 जुलाई 2021 से 11 अगस्त 2021 तक विश्व जनसंख्या स्थिरता माह का आयोजन किया जायेगा। जैसा कि विदित है कि बीते समय में सेवाओं की अनुपलब्धता के कारण अनचाहे गर्भ-धारण में वृद्धियों का अनुमान है। इस हेतु स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं सी.एच.सी/पी.एच.सी. पर ''आपदा में भी परिवार नियोजन की तैयारी, सक्षम राष्ट्र और परिवार की पूरी जिम्मेदारी'' जैसे स्लोगन का लेखन करवाया जाऐगा। जिससे आम जनसामान्य को जनसंख्या स्थिरता के लिये चेताया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भिण्ड डॉ. अजीत मिश्रा ने जानकारी देते बताया कि 11 जुलाई से प्रारम्भ होने वाले जनसंख्या स्थिरता माह को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले की सम्पूर्ण आशा कार्यकर्ताओं को अपने-अपने ग्रामों में परिवार नियोजन के नारे लेखन का कार्य करवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, एवं ए.एन.एम. अपने टैब के माध्यम से वीडियो एवं आई.ई.सी. को आमजनसामन्य तक पंहुचायेंगी।

## अलग अलग जगहों से अवैध कट्टाधारी बदमाश दबोचे

भिण्ड। जिले में पुलिस ने शातिर बदमाशों के पकड़े जाने के लिए बीते रोज धरपकड़ अभियान चलाया। इस अभियान में अलग-अलग थाना क्षेत्र की पुलिस ने 10 आदतन अपराधियों को पकड़ा। इन बदमाशों के पकड़े जाने की एक जैसी कहानी भिंड पुलिस सुना रही है। सबसे बड़े संयोग की बात यह है कि पांचों थानों की पुलिस को बदमाशों से 315 बोर का एक कट्टा और एक कारतूस मिला है।



**देहात थाना पुलिस ने चार बदमाश पकड़े**

देहात थाना पुलिस ने भिंड शहर से चार आदतन बदमाशों को पकड़ा। एसआई ध्यानेंद्र सिंह ने शातिर बदमाश गौरव उर्फ चंद्रवीर कुशवाह निवासी लहार चौराह को दबोचा। यह बदमाश आईटीआई कॉलेज के सामने वारदात की नीयत से खड़ा होना पुलिस ने दर्शाया। पुलिस ने आरोपी से एक कट्टा और कारतूस जब्त होने की कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक उक्त आरोपी पर एक दर्ज से ज्यादा मामले दर्ज है। इसी तरह एसआई विजय शिवहरे ने राम नगर में रहने वाले शातिर बदमाश सौरभ पुत्र अशोक शााक्य को पकड़ा। आरोपी हनुमान जी मंदिर के पास राम नगर में वारदात करने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी से एक कट्टा और एक कारतूस बरामद किया। इधर, भारौली रोड पर सूरज सिंह पुत्र राम लखन राजावत को पुलिस ने दबोचा। इस बदमाश से पुलिस को एक कट्टा और एक कारतूस मिला। इधर मानसी गंगा होटल के पास से एसआई कौशलेंद्र सिंह ने शातिर बदमाश राहुल उर्फ परेवा पुत्र असर्फी नरवरिया निवासी मुडिया खैरया को पकड़ा। आरोपी एक कट्टा और एक कारतूस बरामद हुआ।

**पिता की समाज में अच्छी साख, बेटा बना शातिर बदमाश**

इधर, रौन पुलिस ने एक शातिर बदमाश को अनुपुरा माधोगंज रोड पुल से दबोचा होना दर्शाया। एएसआई देवेंद्र सिंह भदौरिया का कहना हैकि आरोपी अनिल दीक्षित पुत्र संतोष दीक्षित आदतन बदमाश है। यह भिंड और जालौन जिले में वारदात करता है।

## जप्तशुदा वाहन एवं गौवंश के मालिक प्रमाण के साथ 10 अगस्त को न्यायालय में पेश होने के आदेश

भिण्ड । जिला दण्डाधिकारी भिण्ड सतीश कुमार एस ने जप्तशुदा ट्रक एवं गौवंश के हितधारी जप्तशुदा वाहन एवं गौवंश के मालिक के रूप में ठोस प्रमाण के साथ कलेक्टर न्यायालय में 10 अगस्त 2021 को पेशी पर स्वयं अथवा अधिकृत अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर जिला दण्डाधिकारी के समक्ष समर्थन प्रस्तुत करें। जर्रे नोटिस के माध्यम से सूचित किया है कि पुलिस अधीक्षक भिण्ड के 1 मार्च 2021 के प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया है कि 20 फरवरी 2021 को चौरई बस स्टेण्ड से ट्रक कन्टेंनर क्र.यूपी-21/सीएन-4350 में 21 गाय के बछडो को बंद करने के लिए परिवहन करते पाए जाने पर थाना असवार जिला भिण्ड में अपराध क्र.12/21 धारा 6/9, 9 म.प्र. गौवंश प्रति.अधि.11(ध) पशु क्रूरता अधिनियम पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में जप्तशुदा वाहन ट्रक क्र.यूपी-21/सीएन-4350 के विरूद्ध राजसात की कार्यवाही किए जाने हेतु निवेदन किया गया है। जप्तशुदा ट्रक एवं गौवंश के हितधारी जप्तशुदा वाहन एवं गौवंश के मालिक के रूप में ठोस प्रमाण के साथ जिला दण्डाधिकारी जिला भिण्ड के न्यायालय में पेशी दि.10 अगस्त 2021 को स्वयं अथवा अधिकृत अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर जिला दण्डाधिकारी जिला भिण्ड के समक्ष पक्ष समर्थन प्रस्तुत करें। नियत पेशी दिनांक को तदाशय का हितसंरक्षण /पक्ष समर्थन प्रस्तुत न किए जाने की दशा में जप्तशुदा ट्रक/ गौवंश को शासन हित में राजसात किया जाकर नीलामी की कार्यवाही की जावेगी। नियत तारीख के उपरांत प्रस्तु आवेदन पत्र विचारणीय

# भारत विकास परिषद सेवा पखवाड़े के तहत किया गया पौधारोपण




भिण्ड। भारत विकास परिषद शाखा भिण्ड द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत आज प्रातः पौधरोपण कार्यक्रम में सैंथिया फार्म हाउस, सर्किट हाउस रोड पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ हिमांशु बंसल ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए पौधरोपण से बढ़िया कोई उपाय नहीं हैं। पौधरोपण के आगे सारे प्रयास कम ही हैं उन्होंने कहा कि यदि हम सभी बरसात के इस मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल का भी संकल्प लें तो सर्दी के मौसम में चरम पर पहुंचने वाला प्रदूषण काबू में किया जा सकता है। साथ ही परिषद के वरिष्ठ सदस्य सुखराम भारद्वाज ने बताया कि मानव जनसंख्या तो लगातार बढ़ रही है लेकिन पेड़ पौधों की संख्या लगातार कम हो रही है। यह चिंता का विषय है। लोग अपने फायदे के लिए पेड़ों पर आरी चला रहे हैं लेकिन नए पौधे कम ही लगा रहे हैं। हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य ही लगाना चाहिए। इस अवसर पर कमलेश सैंथिया व जयप्रकाश शर्मा सहित परिषद परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत कल

## बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण के होंगे समझौते

भिण्ड । मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 10 जुलाई (शनिवार) को कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए एवं स्थानीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए लगायी जाने वाली नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम-2003 की धारा-126 एवं 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में लोक अदालत में समझौता शर्तों का मसौदा जारी कर दिया गया है। कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा-126 एवं 135 के अंतर्गत लंबित प्रकरण एवं ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में दर्ज नहीं हो सके हैं, ऐसे प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा धारा 126 के अंतर्गत बनाये गये ऐसे प्रकरण, जिनमें उपभोक्ताओं द्वारा अपीलीय कमेटी के समक्ष आपत्ति, अपील प्रस्तुत नहीं की गई है, की प्रीलिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जाएगी।

प्रिलिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। न्यायालयीन लंबित प्रकरणों में - कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

### नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी छूट

आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता, उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन, संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने के लिये आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी, अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी, अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत, अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता, उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य बिजली बिलों में जुड़ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 10 जुलाई 2021को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी।

# एटीएम बदल कर बदमाशों ने निकाले 45 हजार रूपये, मोबाइल खरीदने के लिए एटीएम का किया उपयोग तो दबोचे गए

### ठग ग्रामीणों को बनाते हैं अपना शिकार

भिण्ड। जिले के मेहगांव थाना क्षेत्र में डेढ़ महीने पहले एटीएम मशीन से पैसा निकालते समय दो बदमाशों ने किसान को झांसा देकर एटीएम कार्ड बदल लिया। यह कार्ड से बदमाशों ने भिंड और मेहगांव से 45 हजार नकदी निकाल लिए। इसके बाद आरोपियों ने महंगे मोबाइल खरीदे और कार्ड को स्वैप किया। यहीं से आरोपियों का सुराग पुलिस को मिल गया। 40 दिन बाद दोनों ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गए।

जानकारी के अनुसार मेहगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ी निवासी किसान सुमित(45) पुत्र रामदुलारे शर्मा ने अपनी गेहूं की फसल सरकारी खरीद केंद्र पर बेची थी। फसल की किसान को शासन द्वारा राशि खाते में आने का मैसेज आया। किसान, फसल उपज के दौरान जुताई- बुवाई की करने वाले ट्रैक्टर व सिंचाई का पैसा चुकाने के लिए 28 मई को एटीएम मशीन पर पहुंचा। यहां दस हजार से अधिक की राशि निकालने के लिए एटीएम कार्ड को मशीन पर लगाया। इस पर मशीन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से ओटीपी मांगी।

किसान पैसा निकलते समय समझ नहीं पाया। यह सब बाहर खड़े दो बदमाश देख रहे थे। बदमाशों ने सहयोग करने के नाम पर एटीएम कार्ड लिया और पासवर्ड पूछ लिया। इसके बाद एक या दो बार कार्ड डाला और बदलकर दूसरा कार्ड दे दिया। इसके बाद बदमाशों ने कहा कि आप घर जाओ। अब यह कार्ड मत लगाना लॉक हो जाएगा। यह सुनकर किसान चला गया।



जब दूसरे दिन फिर एटीएम मशीन पर पहुंचा और उसने कार्ड पुनः लगाकर पैसा निकलना चाहा तो फिर नहीं निकले। इस पर कार्ड धारक किसान, बैंक पहुंचा। यह जानकारी किसान ने बैंक कर्मचारियों को दी। तब बैंक कर्मी द्वारा कार्ड बदलने की बात कही। बदला हुआ कार्ड बदमाशों ने किसान को मंगला हरिबाबू के नाम का थमाया था। इसके बाद किसान ने मेहगांव थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फरियादी से शिकायती आवेदन ले लिया और जांच किए जाने की बात कही। पुलिस ने बैंक से एटीएम मशीन पर लगी सीसीटीव्ही फुटेज भी निकलवाए। जिसमें दो बदमाश नजर आए।

### भिंड के धनवंतरी कॉम्प्लेक्स से खरीदे मोबाइल

चौबीस घंटे के अंदर दोनों आरोपी मेहगांव व भिंड से नकद 45 हजार रुपए निकला लिए। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपियों ने भिंड के धनवंतरी कॉम्प्लेक्स पहुंचकर एक मोबाइल 21 हजार का व दूसरा 11 हजार का खरीदे हुए कार्ड को स्वैप किया। इसके बाद अलावा मोबाइल शॉप से पांच हजार नकद भी लिए। इधर, जब किसान को बैंक कर्मी द्वारा एटीएम बदले जाने की बात बताई तभी एटीएम लॉक कराने की प्रोसेसिंग के दौरान बैंक कर्मी ने मोबाइल खरीदी के लिए कार्ड स्वैप होना बताया। इस पर पुलिस द्वारा मोबाइल शॉप संचालक से संपर्क किया गया। मोबाइल खरीदी की डिटेल निकाली। इसके बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंच सकी है। बताया जाता है कि यह आरोपी अंतरराज्यीय स्तर पर ञ्जरूकार्ड बदलकर लोगों को चूना लगाते है। किसान को जो कार्ड बदलकर दिया है वो राजस्थान में किसी महिला से बदलकर उसके साथ भी ठगी कर चुके हैं।

### 40 दिन बाद मामला दर्ज

मेहगांव थाना पुलिस ने फरियादी किसान की शिकायती आवेदन को पिछले चालीस दिन से रखे थी। आरोपी हाथ आते ही पुलिस ने किसान को बुलाकर ठगी के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

अक्सर देखने में आया है कि ठग अधिकांश ग्रामीणजनों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं जिसके कारण कई मामलों में कार्ड धारक को पता भी नहीं चल पाता कि उसके साथ ठगी की गई है। ठग अनुमान लगा लेते हैं कि कौन ग्रामीणजन कितना जागरूक और पढ़ा लिखा है ये उसी पर अपना पैंतरा आजमाते हैं।

## चुनावी राज्यों पर दांव

मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार ऐसे समय में किया गया है जब अगले साल उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव हैं। इसके अलावा पंजाब और उत्तराखंड जैसे राज्यों में भी विधानसभा चुनाव अगले साल होने हैं। हालांकि निगाहें यूपी पर टिकी होंगी, जहां भाजपा के सामने एक बार फिर सत्ता में वापसी की चुनौती होगी। यूपी चुनाव को देखते हुए सोशल इंजीनियरिंग के तहत सूबे से चार अहम नाम मंत्रिमंडल में शामिल किए गए हैं। इसमें अपना दल की अनुप्रिया पटेल, भाजपा से कौशल किशोर, बीएल शर्मा, एसपी बघेल और अजय मिश्र टेनी शामिल हैं। कौशल किशोर यूपी के मोहन लालगंज से सांसद हैं। वहीं बीएल वर्मा वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं। एसपी बघेल आगरा से भाजपा सांसद हैं। अजय मिश्र टेनी खीरी लोकसभा सीट से सांसद हैं। इन नामों पर गौर करें तो कौशल किशोर और एसपी बघेल एससी चेहरा हैं वहीं बीएल वर्मा ओबीसी वर्ग से आते हैं। जबकि अजय मिश्र टेनी ब्राह्मण चेहरा हैं। कुल मिलाकर सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश है। हाल में जितिन प्रसाद जब कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए तो इसे भी पार्टी की ओर से ब्राह्मण वोट भुनाने की कोशिश के तौर पर देखा गया। दरअसल जानकारों के मुताबिक योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में कुछ मौकों पर ब्राह्मणों में सरकार के प्रति नाराजगी जैसी बात सामने आती रही है। यूपी चुनाव को देखते हुए पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियों का खास ध्यान रखा गया है। जाहिर तौर पर इसके जरिए मोदी सरकार ये दिखाने की कोशिश में है पिछड़ी जातियों को महत्व दिया गया है। जब महामारी, खराब अर्थव्यवस्था और महंगाई से देश जूझ रहा है, ऐसे में हर लिहाज से मोदी सरकार के लिए ये विस्तार अभी बेहद जरूरी है। इसके अलावा संसद का मानसून सत्र 19 जुलाई से शुरू हो रहा है और नए मंत्रियों को अपने मंत्रालयों में घुलने-मिलने के लिए वक्त चाहिए होगा। कोरोना की दूसरी लहर में केंद्र सरकार के मिस मैनेजमेंटकी हर ओर आलोचना हुई। गवर्नेंस में क्वालिटी की कमी नजर आई। स्मार्ट सिटी हो या फिर कैशलेस इकोनॉमी, मोदी का कोई भी पसंदीदा प्रोजेक्ट ट्रैक पर नहीं है। मोदी को टॉप लेवल पर ज्यादा काबिलियत वाली टीम की जरूरत है। इकोनॉमी में ऐसी गिरावट कभी नहीं आई, जैसी अभी है। इसके अलावा पेट्रोल-डीजल के दामों पर जनता के गुस्से को शांत करना जरूरी है। रोजगार के मौके कम हो रहे हैं और खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ते जा रहे हैं, इससे भी लोग निराश हैं। ऐसे में दिशाहीन हो चुकी अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए सरकार के भीतर उच्च स्तर पर ज्यादा क्षमता की जरूरत होगी। मोदी को कैबिनेट में जातीय और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के साथ काबिल मंत्रियों का संतुलन बैठाना है। कैबिनेट में फील गुड फैक्टर को बढ़ाने के लिए भी नए चेहरों को शामिल करना जरूरी हो गया है। 2014 से मोदी सरकार ने कई जीत और हार का सामना किया। हाल में बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद भाजपा और समर्थकों के उत्साह पर बुरा असर पड़ा है। अगर सांसदों में से काबिल लोगों को कैबिनेट में शामिल किया जाता है तो जिस राज्य से मंत्री शामिल किए गए हैं, वहां पार्टी और उसके नेताओं का मनोबल बढ़ेगा। पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में अभी सियासी खींचतान चल रही। क्षेत्रीय और जातीय गणित के आधार पर नेताओं को कैबिनेट में शामिल कर सत्ता का मौका देने से प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की राजनीतिक ताकत बढ़ेगी।

# वसायुक्त यकृत

**प्रेमचंद जैन**



वसायुक्त यकृत रोग (एफएलडी), जिसे हेपेटिक स्टीटोसिस के रूप में भी जाना जाता है, एक ऐसी स्थिति है जहां यकृत में अतिरिक्त वसा का निर्माण होता है। अक्सर कुछ या कुछ लक्षण नहीं होते हैं।कभी-कभी पेट के ऊपरी दाहिने हिस्से में थकान या दर्द हो सकता है। जटिलताओं में सिरोसिस, यकृत कैंसर और अन्नप्रणाली संस्करण शामिल हो सकते हैं। फैटी लीवर रोग के दो प्रकार हैं÷ गैर-अल्कोहल फैटी लीवर रोग (एनएएफएलडी) और शराबी लिवर रोग। इस्नस्ष्ठ सरल फैटी लीवर और गैर-अल्कोहल स्टीटोहेपेटाइटिस (NASH) से बना है।प्राथमिक जोखिमों में शराब, टाइप 2 मधुमेह और मोटापा शामिल हैं। अन्य जोखिम वाले कारकों में कुछ दवाएं शामिल हैं जैसे कि ग्लूकोकार्टोइकोड्स, और हेपेटाइटिस सी। यह स्पष्ट नहीं है कि एनएएफएलडी वाले कुछ लोग साधारण फैटी लीवर विकसित करते हैं और अन्य लोग एनएएसएच विकसित करते हैं। निदान रक्त परीक्षण, चिकित्सा इमेजिंग और कभी-कभी यकृत बायोप्सी द्वारा समर्थित चिकित्सा इतिहास पर आधारित है। यह अनुशंसा की जाती है कि फैटी लीवर रोग वाले लोग शराब नहीं पीते हैं। एनएएफएलडी का उपचार आमतौर पर वजन में कमी लाने के लिए आहार परिवर्तन और व्यायाम के द्वारा होता है। उन लोगों में जो गंभीर रूप से प्रभावित हैं, लिवर प्रत्यारोपण एक विकल्प हो सकता है। सभी भारी पीने वालों में से 90त्न से अधिक वसायुक्त यकृत विकसित करते हैं जबकि लगभग 25त्न अधिक गंभीर मादक हेपेटाइटिस विकसित करते हैं।] एनएएफएलडी पश्चिमी देशों के लगभग 30त्न और एशिया के 10त्न लोगों को प्रभावित करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में NAFLD लगभग 10त्न बच्चों को प्रभावित करता है। यह वृद्ध लोगों और पुरुषों में अधिक बार होता है।

### संकेत और लक्षण

अक्सर कुछ या कुछ लक्षण नहीं होते हैं। कभी-कभी पेट के ऊपरी दाहिने हिस्से में थकान या दर्द हो सकता है। जटिलताओं फैटी लिवर फाइब्रोसिस या लिवर कैंसर में विकसित हो सकता है। एनएएफएलडी से प्रभावित लोगों के लिए, 10 साल की जीवित रहने की दर लगभग affected®% थी। NASH में फाइब्रोसिस की प्रगति की दर बढ़ती गति के साथ NAFLD के लिए 7 साल और 14 साल तक अनुमानित है। इन विकृति और चयापचय संबंधी बीमारियों (मधुमेह प्रकार II, चयापचय सिंड्रोम) के बीच एक मजबूत संबंध है। ये विकृति गैर-मोटे लोगों को भी प्रभावित कर सकती है, जो तब उच्च जोखिम में हैं।

सिरोकोटिक अल्कोहलिक स्नस्ष्ठ वाले 10% से कम लोग हेपेटोसेल्युलर कार्सिनोमा का विकास करेंगे, वयस्कों में प्राथमिक यकृत कैंसर का सबसे आम प्रकार है, लेकिन बिना सिरोसिस के एनएएसएच वाले 45त्न लोग हिपेटोसेलुलर कार्सिनोमा विकसित कर सकते हैं। हालत अन्य बीमारियों से भी जुड़ी होती है जो वसा के चयापचय को प्रभावित करती हैं।

### कारण

फैटी लीवर (FL) आमतौर पर चयापचय सिंड्रोम (मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और डिस्लिपिडेमिया) से जुड़ा होता है, लेकिन कई कारणों में से किसी एक कारण से भी हो सकता है÷

### शराब

अल्कोहल के चयापचय के दौरान अल्कोहल जैसे विषाक्त चयापचयों के उत्पादन के कारण अल्कोहल फैटी लीवर के कारणों में से एक है। यह घटना सबसे अधिक पुरानी शराब के साथ होती है।

### मेटाबोलिक

एब्लेटिपोप्रोटीनेमिया, ग्लाइकोजन भंडारण रोग, वेबर-ईसाई रोग, गर्भावस्था के तीव्र वसायुक्त यकृत, लिपोडिस्ट्रॉफी।

### पोषाहार

मोटापा, कुपोषण, कुल पैतृक पोषण, गंभीर वजन घटाने, रीफीडिंग सिंड्रोम, जेजोनाइल बाईपास, गैस्ट्रिक बाईपास, बैक्टीरियल अतिवृद्धि के साथ जेजुनल डाइवर्टिकुलोसिस।

### ड्रग्स और विषाक्त पदार्थों

एमियोडेरोन, मेथोट्रेक्सेट, डिल्टियाजेम, एक्सपायर टेट्रासाइक्लिन, अत्यधिक सक्रिय एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी, ग्लूकोकार्टोइकोड्स, टैमोक्सीफेन,] पर्यावरणीय हेपेटोटॉक्सिन (जैसे, फास्फोरस, मशरूम विषाक्तता)।

### अन्य

सीलिएक रोग भड़काऊ आंत्र रोग, एचआईवी, हेपेटाइटिस सी (विशेष रूप से जीनोटाइप 3), और अल्फा 1-एंटीट्रिप्सिन की कमी।

### निदान

अधिकांश व्यक्ति स्पर्शोन्मुख होते हैं और आमतौर पर असामान्य रूप से जिगर समारोह परीक्षणों या असंबंधित चिकित्सा स्थितियों में उल्लेखित हेपटोमेगाली के कारण संयोग से खोजे जाते हैं। 50त्न रोगियों में एलीवेटेड लिवर एंजाइम सरल स्टीटोसिस के साथ पाए जाते हैं।सीरम एलेनिन ट्रांसएमिनेस (एएलटी) का स्तर आमतौर पर गैर-वाष्पशील संस्करण में एस्पार्टेट ट्रांसएमिनेस (एएसटी) स्तर से अधिक होता है और शराबी एफएलडी (एएसटी÷ एएलटी 2÷ 1 से अधिक) में विपरीत होता है। सरल रक्त परीक्षण यकृत फाइब्रोसिस की डिग्री का आकलन करके रोग की भयावहता को निर्धारित करने में मदद कर सकता है।[18] उदाहरण के लिए, एएसटी-टू-प्लेटलेट्स अनुपात इंडेक्स (एपीआरआई स्कोर) और कई अन्य स्कोर, जो रक्त परीक्षण के परिणामों से गणना करते हैं, यकृत फाइब्रोसिस की डिग्री का पता लगा सकते हैं और लिवर कैंसर के भविष्य के गठन की भविष्यवाणी कर सकते हैं।[19]

मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान इमेजिंग अध्ययन अक्सर प्राप्त होते हैं। अल्ट्रासोनोग्राफी एक ÷उज्ज्वल÷ यकृत को बढ़ाए गए इकोजेनिटी के साथ प्रकट करती है। फैटी लिवर के निदान में मेडिकल इमेजिंग सहायता कर सकती है; फैटी लिवर में गणना टोमोग्राफी (सीटी) पर तिल्ली की तुलना में कम घनत्व होता है, और ञ्1-भारित चुंबकीय अनुनाद छवियों (MRI) में वसा उज्ज्वल दिखाई देता है। चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग, चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग का एक प्रकार, फाइब्रोसिस प्रगति का निदान करने के लिए एक गैर-इनवेसिव विधि के रूप में जांच की जाती है। लिवर बायोप्सी द्वारा हिस्टोलॉजिकल डायग्नोसिस 2018 तक फाइब्रोसिस और लिवर फैट की प्रगति का सबसे सटीक उपाय है।

### उपचार

कम से कम 30त्न या लगभग 750-1,000 किलो कैलोरी / दिन के द्वारा कैलोरी सेवन में कमी से हेपेटाइटिस में सुधार होता है। एनएएफएलडी या एनएएसएच वाले लोगों के लिए, आहार में सुधार और व्यायाम के संयोजन के माध्यम से वजन घटाने के लिए बीमारी को सुधारने या हल करने के लिए दिखाया गया था। अधिक गंभीर मामलों में, दवाएं जो इंसुलिन प्रतिरोध, हाइपरलिपिडेमिया को कम करती हैं, और जो कि वजन कम करने के लिए प्रेरित करती हैं जैसे कि बैरिएट्रिक सर्जरी और साथ ही विटामिन ई में सुधार किया गया है या यकृत समारोह को हल करने के लिए दिखाया गया है। बेरिएट्रिक सर्जरी, 2017 में फैटी लीवर डिजीज (एफएलडी) के उपचार के रूप में अनुशंसित नहीं है, जबकि 90त्न से अधिक लोगों में एफएलडी, एनएएफएलडी, एनएएसएच और एडवांस स्टीटोहेपेटाइटिस को फिर से दिखाया गया है, जिन्होंने मोटापे के इलाज के लिए इस सर्जरी को कराया है। लंबे समय तक कुल परिधीय पोषण से प्रेरित फैटी लीवर रोग के मामले में, कोलीन को लक्षणों को कम करने के लिए दिखाया गया है। यह मेथिओनिन चक्र में कमी के कारण हो सकता है।

### फैटी लीवर से बचने के उपाय

आयुर्वेदीय केवल औषधियों से ही नहीं उचित आहार एवं जीवनशैली से भी रोग शान्त करता है। आयुर्वेद शरीर में उपस्थित तीन दोष वात, पित्त एवं कफ के सिद्धान्त पर काम करता है। फैटी लिवर में क्या खाना चाहिए इस बात पर उपचार का प्रभाव निर्भर करता है। आयुर्वेदीय उपचार प्राकृतिक रूप से असंतुलित दोषों को सामान्य अवस्था में लेकर आता है। यह एलौपैथिक दवाओं की तरह लक्षणों को कुछ समय के लिए दबाता नहीं अपितु विषाक्त तत्वों को शरीर से बाहर कर तथा दोषों को संतुलित कर रोग को जड़ से मिटाता है। परंतु आयुर्वेदीय उपचार के समय रोगी को उचित जीवनशैली एवं निर्दिष्ट आहार-विहार का ही सेवन करना चाहिए नहीं तो उसे चिकित्सा का लाभ नहीं मिल सकता। उचित खान-पान एवं दिनचर्या आयुर्वेदीय उपचार का हिस्सा है।

## मंहगाई की मार -निर्दयी सरकार -जनता लाचार

**तनवीर जाफ़री**



सरकार के भरोसेमंद केंद्रीय रेल एवं वाणिज्य मंत्री के हवाले से गत दिनों एक बयान देश के समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ जिसके अनुसार बीती अप्रैल-जून 2021 की तिमाही के दौरान देश ने निर्यात के क्षेत्र में इतिहास का सबसे बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया है। मंत्री जी के अनुसार देश ने गत तीन महीनों में 95 बिलियन डॉलर का निर्यात किया है। उन्होंने यह भी फ़रमाया कि इस वर्ष में सरकार 400 बिलियन डॉलर के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करेगी। यह वह सरकारी आंकड़े हैं जिसका लाभ ज़मीनी स्तर पर देश की जनता को पहुँचता हुआ दिखाई नहीं देता। काश इसी तरह कोई केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की ही तरह मुस्कुराता हुआ देश की जनता को यह भी बताता कि देश को अच्छे दिन का दुःस्वप्न दिखाने वाली वर्तमान सरकार के दौर में रोज़मर्रा की ज़रूरतों की चीज़ों की बढ़ती मंहगाई के आंकड़े क्या कह रहे हैं?देश में पेट्रोल,डीज़ल और गैस की आसमान छूती क़ीमतों के आंकड़े क्या बता रहे हैं? और इन आंकड़ों के अनुसार देश में बेरोज़गारी की स्थिति कहाँ से कहाँ पहुँच गयी है? डॉलर के मुक़ाबले भारतीय रुपया किन आंकड़ों को छू रहा है? देश के लोगों के लिए निर्यात में ऐतिहासिक बढ़ोतरी के आंकड़े इतनी अहमियत नहीं रखते जितनी मंहगाई,बेरोज़गारी से जुड़े वह आंकड़े जो जनजीवन पर सीधा प्रभाव डालते हैं । नवंबर से लेकर जून तक यानी आठ महीने में सरकार ने घरेलू रसोई गैस की क़ीमत में 350/-रूपये की बढ़ोतरी कर डाली। गत 1 जुलाई को तो रसोई गैस में 25 /-प्रति सिलिंडर का इज़ाफ़ा इकट्ठे ही कर दिया गया। इसी तरह डीज़ल व पेट्रोल के दाम सौ रुपये प्रति लीटर के कहीं क़रीब हैं तो कहीं पार कर चुके हैं। कुकिंग ऑयल 225 -275 के बीच बिक रहा है। दूध महंगा हो गया। गोया एक ओर तो महंगाई की मार आए दिन तेज़ से तेज़तर होती जा रही है तो दूसरी ओर बेरोज़गारी भी अपने चरम पर है। परन्तु पूर्ण बहुमत की वर्तमान सरकार अपने अघोषित एजेंडे के प्रति तो पूरी तरह फ़िक्रमंद है जबकि जिस जनता ने उसे %अच्छे दिनों % की आस और उम्मीद के साथ पूर्ण बहुमत दिलाया उससे किये गए वादों व उसे दिखाए गए सपनों की कोई फ़िक्र नहीं है? आश्चर्य की बात तो यह है कि सरकार अपने अहंकार में भी इतनी चूर है कि उसे मंहगाई,बेरोज़गारी व स्वास्थ्य सेवाओं में कमियां निकालने वाला हर व्यक्ति व संगठन न केवल सरकार का बल्कि देश का भी दुश्मन नज़र आता है। तेल,गैस और ज़रुरत की अन्य सामग्रियों की बढ़ती क़ीमतों के जवाब में सरकार के मंत्रियों व पार्टी प्रवक्ताओं द्वारा तरह तरह के हास्यास्पद व बेशर्मी से भरे तर्क दिए जाते हैं। और तो और ज़रूरत पड़ने पर यह सरकार अभी भी अपनी अनेक नाकामियों को छुपाने के लिए नेहरू या कांग्रेस के शासन काल को कोसने से बाज़ नहीं आती। क्या अच्छे दिन,जन कल्याण,राम राज और सु राज जैसे सपने दिखाने वाली सरकार के ज़िम्मेदारों को इस बात का भी ज्ञान है कि उनकी इन ग़ैर ज़िम्मेदाराना नीतियों व उसके चलते होने वाली अनियंत्रित मंहगाई व बेरोज़गारी का प्रभाव देश की जनता पर क्या पड़ रहा है ? जिन आम लोगों को दो वक़्त की रोटी नसीब नहीं हो रही वह अपने बच्चों की फ़ीस कहाँ से दें ?आज देश के लाखों लोग अपने बच्चों के नाम स्कूल से कटवा चुके हैं क्योंकि वे फ़ीस दे पाने की स्थिति में नहीं हैं। उधर ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली ने भी स्मार्ट फ़ोन ख़रीदने व उसे प्रत्येक माह रिचार्ज करने का नया ख़र्च अभिभावकों पर डाल दिया है। ज़रा सोचिये स्कूल की फ़ीस भरने से लाचार अभिभावक स्मार्ट मोबाईल फ़ोन व उसे चार्ज करने के पैसे कहां से जुटाएगा? इस ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था ने भी मोबाईल निर्माताओं व नेटवर्क सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनियों अर्थात उद्योगपतियों के लिए तो व्यवसाय में अवसर उपलब्ध कराए हैं।

## सोशल मिडिया पर वायरल होते अनगिनत विडियो

**वीना आडवाणी तन्वी**

आज के आधुनिक युग मे यदि कुछ भी जानकारी घर बैठे पूरी दुनिया मे पहुंचानी है तो उसका सबसे अच्छा जरीया है सोशल मिडिया।सोशल मिडिया ने आज इतनी सुविधाएं दे सभी के लिये बहुत कुछ आसान कर दिया है।आज सोशल मिडिया पे ही इतने सारे ऐप मिल जाते की जिससे लोग अपनी छुपी प्रतिभाओं को सबके सामने अपने इन ऐप पर चैनल बना या पेज़ बना के अपनी कलाओं से समाज को परिचित करवाते हैं।कुछ वायरल खबरें इतनी अधिक प्रभावित करती है की किसी का मार्गदर्शन भी कर देती हैं,कुछ लोगों की प्रतिभा गीत,गज़ल ,हास्य विडियो या किसी भी प्रकार के वायरल विडियों तो इतने अच्छे होते की बार बार देखने का मन करता है।आज कल लोग अपने छोटे बच्चों के अचंभित करने वाली कलाओं का विडिओ भेजते यदि वो किसी को पसंद आता तो वो एक दूसरे को फार्वर्ड करते जाते बस हो जाता इस तरह एक वीडियो वायरल।अपने पालतू जानवरों, पंछियों के भी बहुत से मज़ेदार विडिओ देखें हैं जो बार-बार देखने मे बड़ा ही मजा आता है।उनकी चुलबुली हरकते ,करतब,और तोतों के तो बोलते हुए विडिओ ने मन ही हर लिया है लोगों का।परंतु कुछ वायरल वीडियो ऐसे होते की जो सभी को दहला देते हैं।कुछ वायरल विडियो ऐसे होते जो की समाज के लिये खतरे की घंटी से प्रतीत होते हैं।कुछ लोग इस तरह के विडिओ बना वायरल करते जो की धार्मिक या सामाजिक गतिविधियों को आहत कर देते हैं।जिसके कारण सोशल मिडिया पे आऐ वायरल वीडियो की पड़ताल कराना बहुत ही जरूरी हो जाता है की वो विडिओ किसने बनाया और कहां से अपलोड हो वायरल होना शुरु हुआ।गहनता से जांच कर सत्यता की परख कर उस विडिओ से संबंधित तथ्यों के लिये कड़ाई से सजा का प्रावधान भी किया जाता है।

सोशल मिडिया पे क्या हो रहा क्या नहीं कौन सा विडिओ अपलोड हो रहा आदि महत्वपूर्ण खबरों के ऊपर पैनी नजर रखने के लिये सरकारी विभाग द्वारा या प्राइवेट ऐप द्वारा अपनी एक टीम गठित की जाती है ताकी कोई भी अवैधानिक गतिविधि दिखे तो तुरंत समाज के हालात खराब ना हो उससे पहले ही अहम निर्णय लिया जाता है और किसी भी सोशल मिडिया की साईट से ऐसा कोई भी विडिओ अपलोड ना हो सके जो अमान्य हो।परंतु फिर भी ऐसे बहुत से विडिओ वायरल हो जाते जिनकी जांच करना जरूरी हो जाता हाल ही मे मारपीट के ऐसे दो विडिओ वायरल हुए जिसके लिये गलत जानकारी मिडिया पर फैलाई जा रही थी। ओर तो ओर लोग बिना सोचे समझे बस फार्वर्ड करते चले जा रहे थे।परंतु आजकल मिडिया के पत्रकारों ने ये जिम्मा बखूबी उठाते हुए किसी अवैधानिक विडिओ की सत्यता की पूरी पड़ताल उठाने का अपने हाथ मे लिया है और तब तक उस विडिओ की जानकारी लेते जब तक उसकी गहराई और कारण ना जान ले।जनता बस अपना शौंक पूरा करने के लिये या कोई सिर्फ मनोरंजन की दृष्टि से ही दूसरों के सही पर अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल करते हुए विडिओ बना लेते और बस कर देते शेयर सोशल मिडिया की अनगिनत साईडस पर फिर क्या देखते ही देखते पसंद आने पर विडिओ लोग आनन-फानन मे सही गलत का ध्यान ना रखते हुए धड़ाधड़ शेयर करने लगते वीडियो।परंतु ये ना सोचते की कुछ विडिओ जो वो शेयर कर रहे हैं वो प्रमाणिक हैं भी या नहीं या ऐसे विडिओ को शेयर करने से कहीं कोई परेशानी तो नहीं खड़ी होगी। विडिओ बनाइये कोई बुराई नहीं पर ऐसे जो मार्गदर्शक या हास्य हो या जो लोगों को अधिक से अधिक आकर्षित कर लाभान्वित भी कर सके जो शिक्षाप्रद हो।

## विवेक ही धर्म है

युग के आदि में मनुष्य भी जंगली था। जब से मनुष्य ने विकास करना शुरू किया, उसकी आवश्यकताएं बढ़ गई। आवश्यकताओं की पूर्ति न होने से समस्या ने जन्म लिया।समस्या सामने आई तब समाधान की बात सोची गई। समाधान के स्तर दो थे- पदार्थ-जगत, मनो-जगत. प्रथम स्तर पर पदाथरे के सुनियोजित उत्पादन और उनकी व्यवस्था को आकार मिला। दूसरा स्तर मानसिक था। इस जगत की समस्याएं थी अपरिमार्जित वृत्तियां, असंतुलन और तनाव। इन समस्याओं को समाहित करने के लिए धर्म की खोज हुई। धर्म का अर्थ है पारंपरिक मूल्य-मानकों से परे हटकर मनुष्य को सत्य की दिशा में अग्रसर करना। जब तक धर्म अपने इस परिवेश में रहता है, तब तक वह रूढ़ नहीं हो सकता। पर उद्देश्य की विस्मृति के साथ ही उसमें रूढ़ता आ जाती ह। रूढ़ धर्म को व्यक्ति अपने जीवंत संदभरे से काटकर परलोक के साथ जोड़ देता है। बस यहीं से धर्म में विकृति का प्रवेश होने लगता है। मैं ऐसा सोचता हूं कि धर्म का संबंध हमारी हर सांस से होना चाहिए। ऐसा वे ही व्यक्ति कर सकते हैं जो अपने जीवन की सतह पर दौड़-धूप कर रहे हैं। या फिर यह उन लोगों का काम है जो जीवन की गहराइयों में उतरकर अध्यात्म के प्रति समर्पित हो जाते हैं। जीवन की सतह पर जीने वाले व्यक्ति धर्म की गहराई में नहीं उतर सकते, किंतु अध्यात्म के प्रयोक्ता की दृष्टि से वह गहराई छिपी नहीं रह सकती। जो व्यक्ति उतनी गहराई में उतरे, उन्हें धर्म की विकृतियों का बोध हुआ। जो धर्म मन को समाधान देने वाला था, वह स्वयं समस्या बनकर उभर गया। इस दृष्टि से उसमें संशोधन व परिवर्तन की अपेक्षा अनुभव हुई। अणुव्रत उसी आवश्यकता का आविष्कार है। यदि धर्म एक समस्या बनकर सामने नहीं आता तो उसे अणुव्रत के रूप में प्रस्तुति देने का कोई अर्थ ही नहीं था। अणुव्रत धर्म के साथ विवेक की अपरिहार्यता पर बल देता है। आगम की भाषा में विवेक ही धर्म है।

## देश में कई समस्या है उन्हें राजनेताओं को ही सुलझाना होगा!

**अशोक भाटिया**



कोरोना की तीसरी लहर की संभावनाओं से एक बार फिर जीवन पर खतरे मंडराने की आशंकाएं तीव्र हैं और बावजूद हम इसके प्रति लापरवाही बरत रहे हैं। भारत में कोरोना की दूसरी लहर उतार पर है लेकिन तीसरी लहर का खतरा है, उसके साथ डेल्टा और डेल्टा प्लस जीवाणु के फैलने का खतरा भी दिखाई पड़ने लगा है। डेल्टा प्लस जीवाणु काफी खतरनाक है। इसने अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में दुबारा कोहराम मचा दिया है। अभी दूसरी लहर का असर देश के 75 जिलों में 10 प्रतिशत और 92 जिलों में 5 प्रतिशत तक बना हुआ है। यदि लोगों ने सावधानी नहीं बरती तो अन्य सैंकड़ों जिलों में फैलते हुए इसे देर नहीं लगेगी। भारत के विभिन्न प्रांतों में अभी तक वैसे तो नए जीवाणु के मरीज बहुत कम संख्या में पाए गए हैं लेकिन यदि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे सतर्क देशों में यह फैल सकता है तो भारत में तो इसके संक्रमण की गुंजाइश बहुत ज्यादा है।

काल सिर्फ युग के साथ नहीं बदलता। दिनों के साथ बदलता है और कभी-कभी घंटों में भी। ऐसा ही योग दिवस के दिन अचानक देखने को मिला, जब देश भर में 'अस्सी लाख' से अधिक टीके एक दिन में लग गए, यह अच्छा-सा लगने वाला रिकॉर्ड भी कई विरोधियों की नींद उड़ाने का कारण बन गया। वे सोचने लगे कि हमारे रहते ऐसा रिकॉर्ड कैसे बन सकता है? इसलिए कहने लगे कि इसमें जरूर झोल है। टीके लगें तो पस्त और न लगे तो मस्त! यह कैसी मानसिकता है? यह कैसी राष्ट्रीयता है? यह कैसा विरोधाभास है? इसी बीच जम्मू-कश्मीर के नेताओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बैठक की, उधर पाकिस्तान ने ड्रोन से जम्मू-कश्मीर के हवाई अड्डा परिसर में एयरबेस पर हमला कर दिया। घाटी में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ करने की संभावनाओं को तलाशने के लिये घाटी के प्रमुख राजनीतिक दलों को इसमें इस शर्त पर बुलाया गया था कि वे पाकिस्तान की वकालत का राग नहीं अलापेंगे। लेकिन फारूख अब्दुल्ला प्रधानमंत्री के 'दावतनामे' को कबूल करने के साथ बोले कि हम उनसे अपनी बात कहेंगे, लेकिन महबूबा मुफ्ती ने मीडिया के आगे ही अपने दिल की बात कह दी कि पाकिस्तान से सरकार बात करे। अब इस मीटिंग एवं घाटी के नेताओं की पाकिस्तानपरस्ती को लेकर मीडिया में गर्मागर्मा बहस हो रही है, ऐसा लग रहा है बिलों में दुबके सांप बाहर आते ही फुफकारने लगे हैं। राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों के भाग्य निर्माता प्रशांत किशोर इन दिनों प. बंगाल चुनाव के बाद काफी सुर्खियों में है। उन्होंने आगामी आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को परास्त करने की ठान ली है, लेकिन उन्हें किसी एक दल में ऐसी क्षमता नजर नहीं आ रही है जो भाजपा को परास्त कर सके, इसलिये वे महागठबंधन की संभावनाओं को तलाशते हुए एक ही सप्ताह में तीन बार शरद पवार से मीटिंग कर चुके हैं, राजनीतिक गुरु के इशारों पर दिल्ली में विभिन्न दलों की एक आधे-अधूरे मन से की गयी बैठक भी बेअसर हो गयी है। इन राजनीतिक खबरों के बीच देश एक और समस्या से रू-ब-रू है। यह समस्या है धर्मांतरण की। एक हजार बच्चों-बड़ों का 'धर्मांतरण' कराने वाले 'इंटरनेशनल गैंग' के कुछ लोगों की गिरफ्तारी ने इस समस्या से जुड़े अनेक घातक पहलुओं को उजागर किया है। सबसे अधिक चौंकाने वाला तथ्य यह है कि कई मूक-बधिर बच्चों को मुसलमान बनाया गया है। प्रश्न उठा कि उनकी सहमति कैसे ली गई? कई माता-पिताओं ने भी ऐसी आशंकाओं की पुष्टि की। जम्मू-कश्मीर में दो सिख बालिकाओं को मुसलमान बनाने से सिख समुदाय की नाराजगी की सामने आ रही है। कश्मीर से इन दो सिख लड़कियों का कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया और उन्हें इस्लाम में परिवर्तित कर दिया गया है। इनमें से एक लड़की की शादी मुस्लिम लड़के से करा दी गई थी जो अभी भी लापता है। जबरन धर्म परिवर्तन के बढ़ते मामले राजनीतिक प्रेरित है, आगामी चुनावों के मद्देनजर इस तरह की अराजकता एवं अस्थिरता की स्थितियां सोची-समझी रणनीति एवं षड्यंत्र के अन्तर्गत रची जा रही है।

धर्मांतरण की इन कोशिशों पर कुछ का कहना रहा कि यह चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में धार्मिक ध्रुवीकरण की कोशिश है, कुछ का कहना है कि इनका आतंक कनेक्शन भी संभव है और संभावनाएं ये भी हैं कि कुछ दुश्मन राष्ट्र इन घटनाओं से देश में अशांति फैलाना चाहते हैं। इन घटनाओं में विदेशों से आए धन के लेन-देन के दस्तावेज भी मिले हैं। ये हादसा नहीं है। हादसे होते हैं, कराये नहीं जाते। होने वाले हादसों के प्रति संवेदना होती है, किये जाने वाले हादसों के प्रति पीड़ा। एक प्रतिक्रिया होती है। एक प्रतिशोध। इन राष्ट्र को आहत करने वाली स्थितियों के बीच किसान अभी भी दिल्ली की सीमाओं पर डटे हैं, वे कब क्या कर बैठेंगे, कहा नहीं जा सकता? लेकिन उनके कारण दिल्ली की जनता तो परेशान है। यह कैसा लोकतांत्रिक हठ है? देश इन खबरों से पीड़ित एवं परेशान तो है।

# कैटरीना कैफ अब साउथ के इस सुपरस्टार के साथ पर्दे पर करेंगी धमाल



बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. बूम फिल्म से करियर की शुरुआत करने वाली कैटरीना ने अपने अब तक के करियर में कई शानदार फिल्मों में काम की है. मेकर्स भी अपनी फिल्मों में कैटरीना कैफ को लेना पसंद करते हैं. यही कारण है कि हर बड़े स्टार के साथ एक्ट्रेस काम कर चुकी हैं. अब एक्ट्रेस साउथ के एक सुपरस्टार के साथ काम करती नजर आने वाली हैं.

कैटरीना कैफ वैसे तो इन दिनों टाइगर 3 को लेकर सुर्खियों में हैं जिसकी शूटिंग कोविड के कारण से रुकी पड़ी है. लेकिन इसी बीच खबर आई है कि निर्माता श्रीराम राघवन ने अगली फिल्म के लिए कैटरीना को ले लिया है.

खबर के अनुसार कैटरीना कैफ पहली बार साउथ के स्टार विजय सेतुपति के साथ नजर आएंगी. इतना ही नहीं श्रीराम राघवन के साथ भी एक्ट्रेस पहली बार ही काम करेंगी. इस फिल्म को लेकर यह भी अपडेट सामने आया है कि कैटरीना ने फिल्म पर काम शुरू कर दिया है. इन दिनों कैटरीना फिल्म की कहानी पढ़ रही हैं. इससे कैटरीना अपने रोल को अच्छे से समझ पाएंगी और इसी के अनुसार खुद को ढाल भी पाएंगी.

फिल्म का टाइटल तय नहीं है लेकिन कहा जा रहा है कि मेरी क्रिसमस के नाम से फिल्म बनायी जा सकती है. फिल्म के बारे में यह जानकारी भी सामने आयी है कि इस पूरी ही फिल्म का पूरा शूटिंग शेड्यूल 30 दिन का होगा. इतना ही नहीं फिल्म भी केवल 90 मिनट की होने वाली हैं. जब से ये खबर सामने आई है विजय सेतुपति और कैटरीना कैफ साथ में काम करेंगे, दोनों के फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है.

कैटरीना सलमान ख़ान के साथ टाइगर 3 की शूटिंग पूरी करने के बाद इस फ़िल्म को शूट कर सकती हैं. इसके साथ ही कैटरीना की फिल्म सूर्यवंशी भी रिलीज होने को तैयार है. फिल्म कैटरीना के साथ अक्षय कुमार दिखाई देंगे.इसके अलावा कटरीना हॉरर कॉमेडी 'फोन भूत' में दिखाई देंगी. कैटरीना को आखिरी बार 2019 में आई भारत फिल्म में देखा गया था. साथ ही श्रीराम राघपन की बात करें तो उनकी आखिरी मूवी अंधाधुन थी, जिसको बहुत ही ज्यादा सराहा गया था. वहीं विजय सेतुपति साउथ के एक चमका सितारा हैं. वह कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर चुके हैं।

## फिल्मों से दूर रहकर भी करोड़ों की कमाई करती हैं करिश्मा कपूर

करिश्मा कपूर 90 के दशक की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं. अपनी खूबसूरती और जबरदस्त एक्टिंग से करिश्मा ने दर्शकों का खूब दिल जीता है. करिश्मा ने साल 1991 में फिल्म प्रेम कैदी से बॉलीवुड में एंट्री मारी थी. पहली फिल्म से धमाल मचाने के बाद करिश्मा ने फिर एक के बाद एक कई फिल्मों में काम किया. करिश्मा अपने समय में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेस थीं. हालांकि बच्चे और परिवार में बिजी होने के बाद करिश्मा ने फिल्मों से दूरी बना ली थी. फिर कई सालों के ब्रेक के बाद उन्होंने वापसी की, लेकिन इस बार पहले जैसे उनका जादू नहीं चल पाया. भले ही करिश्मा अब फिल्मों से दूर हैं, लेकिन इससे उनकी कमाई पर असर नहीं पड़ा है. रिपोर्ट्स के मुताबिक करिश्मा अभी भी करोड़ों में कमाई करती हैं. इसके साथ ही उनके पास लग्जरी गाड़ियों का कलेक्शन भी है. करिश्मा लास्ट साल 2020 में वेब सीरीज मेंटलहुड में नजर आई थीं. इस सीरीज में मां के डिफ्रेंट शेड्स दिखाए गए थे. हालांकि इसमें करिश्मा के अलावा भी कई एक्टर्स थे. इस सीरीज को काफी पसंद किया था और करिश्मा ने इसके जरिए ही डिजिटल डेब्यू किया था. फिलहाल करिश्मा ने कोई अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की अनाउंसमेंट नहीं की है. हालांकि वह विज्ञापनों में नजर आती रहती हैं. करिश्मा अपने परिवार के साथ टाइम स्पेंड कर रही हैं और सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह अपनी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं. करिश्मा बॉलीवुड इवेंट्स में भी नजर आती रहती हैं. इसके अलावा वह बहन करीना कपूर के साथ पार्टीज करती रहती हैं जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं. बीती रात करिश्मा ने करीना और दोस्तों के साथ बर्थडे सेलिब्रेट किया जिसमें अमृता अरोरा भी शामिल थीं. अमृता ने पार्टी की फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की है. फोटो शेयर करते हुए अमृता ने लिखा, 'मेरी डार्लिंग करिश्मा कपूर. आप हमेशा ऐसे ही शाइन करते रहें और वाइन की तरह खूबसूरत रहें।



# लेगिंग्स के साथ बेहद खूबसूरत लगते हैं ये फुटवियर्स, जरूर करें ट्राई



महिलाएं शर्ट से लेकर कुर्ती तक के साथ लेगिंग्स पहन सकती हैं, लेकिन जहां बात फुटवियर्स की आती है तो समझ नहीं आता कि लेगिंग्स के साथ क्या पहना जाए। कई बार महिलाएं एक ही तरह के फुटवियर्स को हर तरह के कपड़े के साथ पहन लेती हैं, लेकिन लेगिंग्स का चलन जब इतना ज्यादा है तो बेहतर होगा कि उनके साथ सही फुटवियर्स पहने जाएं। चलिए फिर जानते हैं कि लेगिंग्स के साथ कैसे फुटवियर्स खूबसूरत लगते हैं।

### स्नीकर्स

अगर कोई महिला लंबी शर्ट या टी-शर्ट या किसी स्टाइलिश टॉप के साथ लेंगिग पहन रही है तो वह इसके साथ फुटवियर्स के तौर पर स्नीकर्स पहन सकती है। ये अलग-अलग रंग और पैटर्न के हिसाब से आते हैं तो ऐसे में महिलाएं अपनी पसंद के स्नीकर्स खरीद सकती हैं। अगर महिलाएं लेगिंग्स के साथ लंबी शर्ट पहनती हैं तो सफेद या न्यूड रंग वाले स्नीकर्स का चयन करना बेहतर होगा।

### ब्लॉक हील्स वाली सैंडल

महिलाएं चाहें तो लेगिंग्स के साथ ब्लॉक हील्स वाली सैंडल भी पहन सकती हैं। विशेषकर अगर वे किसी पार्टी में जा रही हैं और पार्टी आउटफिट्स के साथ वे लेगिंग्स पहन कर रही हैं तो ब्लॉक हील सबसे अच्छी लगेंगी। हालांकि ब्लॉक हील्स वाली सैंडल चुनते समय हमेशा अपने कंफर्ट को ध्यान में रखें क्योंकि कई बार कंफर्टेबल हील न होने के कारण समस्या हो सकती है।

### लोफर

लोफर भी काफी आरामदायक फुटवियर्स होते हैं और लगभग हर तरह के आउटफिट के साथ ये खूबसूरत लगते हैं। सबसे अच्छी बात तो यह है कि महिलाएं इस तरह के फुटवियर्स को लेगिंग्स के वेस्टर्न और इंडियन दोनों तरह के लुक के साथ बिना किसी सोच-विचार के पहन सकती हैं। अगर किसी महिला के पास डेनिम लुक के लोफर हैं तो यह फ्लेयर ड्रेसेस और लेगिंग्स के साथ बेहद अच्छे लगेंगे।

### फ्लैट सैंडल

अगर आपको यह समझ नहीं आ रहा कि आप लेगिंग्स के साथ कौन से फुटवियर्स पहननें तो ऐसे में फ्लैट सैंडल एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। किसी भी तरह के फ्लैट सैंडल लेगिंग्स के साथ अच्छे लगेंगे। इसलिए बेहतर होगा कि महिलाएं फ्लैट सैंडल चुनें क्योंकि फ्लैट सैंडल कई तरह के आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं। अगर आप काले रंग की बजाय न्यूट्रल रंग के फ्लैट सैंडल्स चुनेंगी तो ज्यादा बेहतर रहेगा।

# हॉटस्टार पर 9 जुलाई को रिलीज होगी जिमी शेरगिल की कॉलर बॉम्ब

जिमी शेरगिल फिल्मों में अपने अलग अभिनय और किरदार के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कई फिल्मों में कभी ना भूल पाने वाले किरदार किए हैं। जिमी अब तक बॉलीवुड के कई शानदार कलाकारों के साथ काम कर दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। अब वह अपनी चर्चित क्राइम थ्रिलर फिल्म कॉलर बॉम्ब से दर्शकों का दिल जीतने आ रहे हैं। उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान भी कर दिया है। आइए जानते हैं कब रिलीज होगी कॉलर बॉम्ब।

काफी समय से जिमी के प्रशंसक उनकी इस फिल्म की राह देख रहे थे। अब जिमी ने फिल्म का पोस्टर शेयर कर इसकी रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। उन्होंने लिखा, घड़ी अपनी रफ्तार से चल रही है। कॉलर बॉम्ब 9 जुलाई को रिलीज के




लिए तैयार है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म के लिए कमर कस लें। समय और आतंक के खिलाफ एक शानदार दौड़..। इस पर एक यूजर ने लिखा, इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई हैं।

फिल्म का निर्देशन ज्ञानेश जोटिंग कर रहे हैं। इसकी कहानी निखिल नायर ने लिखी है। इस फिल्म में जिमी के साथ अभिनेत्री आशा नेगी मुख्य भूमिका में हैं। इसमें जिमी एक पुलिसवाले का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में स्पर्श श्रीवास्तव और विदुषी मेहरा भी एक खास भूमिका निभा रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म एक सच्ची घटना से प्रेरित है। यह कुख्यात कॉलर बॉम्ब बैंक डकैती पर आधारित है, जो 2003 में पेनसिल्वेनिया में हुई थी। जिमी ने 2019 में वेब सीरीज रंगबाज फिर से के जरिए डिजिटल जगत में कदम रखा था। यह सच्ची कहानी पर आधारित थी। इसमें जिमी ने मुख्य किरदार निभाया था। राजस्थान के कुख्यात डॉन और शराब तस्कर आनंदपाल सिंह के जीवन से प्रभावित यह कहानी वहां की जातिगत राजनीति और उसके प्रभाव पर आधारित है।

## विद्युत जामवाल बहुत जल्द हॉलीवुड की एक्शन फिल्मों में आएंगे नजर



बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेता विद्युत जामवाल इन दिनों चर्चा में आ गए हैं. जी हां, पिछले कई दिनों से वो अपनी कई वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं. जो दर्शकों को खूब पसंद आ रही है. जहां उनका नाम पहले से ही दुनिया के बेहतरीन मार्शल आर्टिस्टट के बीच शामिल है. जिसके बाद अब वो हॉलीवुड में जाने की तैयारी कर चुके हैं. अपनी फिल्म मॉन्स्टर हंटर के रिलीज के दौरान हॉलीवुड स्टार टोनी जा ने विद्युत जामवाल के साथ काम करने की इच्छा जाहिर की थी, जिसके बाद अब लगता है कि ये इच्छा बहुत जल्द पूरी होने वाली है. आपको बता दें, खबर है कि हॉलीवुड में टोनी जा का काम देखने वाली कंपनी ने अब विद्युत को अपनी एजेंसी में साइन कर लिया है. जिस वजह से एक्टर बहुत जल्द हमें किसी न किसी बड़ी हॉलीवुड फिल्म का हिस्सा बनते हुए नजर आ सकते हैं. आपको बता दें, विद्युत जामवाल ने हाल ही में ये डील साइन की है. वो भारत के एक मात्र ऐसे एक्टर हैं. जिन्हें टेलेंट मैनेजमेंट एजेंसी ङ्क वंडर स्ट्रीट ने साइन किया है. इस एजेंसी के पास आज के समय में टोनी जा, माइकल जा व्हाइट और डॉल्फ लुंडग्रेन जैसे तमाम सितारों का काम है. पिछले साल विद्युत जामवाल ने अपने बेहतरीन चैट सेगमेंट एक्स-रेड बाय के दौरान कई सितारों से बात की थी।

# काजल अग्रवाल ने बढ़ाई फीस, पहली बार किसी फिल्म के लिए ले रहीं दो करोड़ रुपये



पहले जहां शादी के बाद अभिनेत्रियों का करियर खत्म मान लिया जाता था, वहीं आज के समय में शादी के बाद भी अभिनेत्रियां सुपरहिट फिल्में दे रही हैं। अब अभिनेत्री काजल अग्रवाल को ही ले लीजिए, जिनकी डिमांड शादी के बाद बढ़ गई है। काजल अपनी अगली हिंदी फिल्म के लिए दो करोड़ रुपये फीस ले रही हैं। काजल के करियर की यह पहली फिल्म है, जिसके लिए वह इतनी फीस ले रही हैं।

पिछले काफी समय से चर्चा है कि काजल हिंदी फिल्म उमा में नजर आएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म के लिए काजल को दो करोड़ रुपये मिल रहे हैं। बताया जा रहा कि अब तक के फिल्मी करियर में काजल को पहली बार इतनी मोटी रकम ऑफर हुई है। काजल जल्द ही तमिल फिल्म पेरिस पेरिस में नजर आएंगी, जो कंगना रनौत की हिट फिल्म क्वीन का रीमेक है। किन्हीं कारणों से फिल्म अभी रिलीज नहीं हुई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि अब काजल ज्यादा से ज्यादा फिल्मों में काम करना चाहती हैं। वह अलग-अलग भाषाओं में चिरंजीवी से लेकर महेश बाबू, विशाल से कार्थी और अक्षय कुमार से लेकर अजय देवगन जैसे कई बड़े-बड़े सितारों के साथ स्क्रीन शेयर कर चुकी हैं। हालांकि, शादी के बाद काजल अपनी रणनीति बदलते हुए परिणाम की चिंता किए बिना ज्यादा फिल्मों में काम करने की प्लानिंग कर रही हैं। वह बड़ी सावधानी से फिल्में चुन रही हैं। उमा एक महिला केंद्रित फिल्म है। सुजॉय घोष इस फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर होंगे। अविषेक घोष के एवीएमए मीडिया और मंत्रराज पालीवाल के मिराज ग्रुप के बैनर तले इसका निर्माण किया जाएगा। उमा का निर्देशन तथागता सिंघा करेंगी। बतौर निर्देशक यह उनकी पहली फिल्म होगी। यह शादी की पृष्ठभूमि पर आधारित एक कुलीन घर की कहानी है, जहां पूरा परिवार इकट्ठा होता है और तभी वहां एक अनजान शख्स उमा के आने से कहानी नया मोड़ लेती है। काजल ने 2011 में दक्षिण भारतीय सिनेमा से बॉलीवुड में कदम रखा था। उन्होंने अजय देवगन के साथ फिल्म सिंघम से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद काजल स्पेशल 26, दो लफ्जों की कहानी, मुंबई सागा जैसी फिल्मों में नजर आईं। काजल जल्द ही फिल्म आचार्य में साउथ के सुपरस्टार चिरंजीवी के साथ नजर आएंगी। वह प्रवीण सत्तारू के निर्देशन में बन रही फिल्म में नागार्जुन के साथ मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी। काजल अग्रवाल ने बीते साल 30 अक्टूबर को बिजनेसमैन गौतम किचलू के साथ शादी की थी। उनकी शादी खासा चर्चा का विषय रही थी। दोनों की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं, जिन्हें फैंस ने बेहद पसंद भी किया था।

# टीवी स्क्रीन को सुरक्षित तरीके से साफ करने के लिए इन बातों का रखें ध्यान



टीवी स्क्रीन को साफ करते समय कुछ बातों का खास ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है क्योंकि सफाई के दौरान थोड़ी सी भी लापरवाही टीवी जैसे महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान को खराब कर सकती है। टीवी स्क्रीन की गलत तरीके से सफाई करने पर करंट लगने से लेकर स्क्रीन के टूटने और इस पर खरोंच आने तक का खतरा रहता है। चलिए फिर जानते हैं कि टीवी स्क्रीन को साफ करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

### न भूले टीवी के प्लग को निकालना

जब भी आप टीवी की सफाई करने वाले हों तो सबसे पहले उसका मेन प्लग निकाल दें क्योंकि अगर आप टीवी का प्लग निकाले बिना ही सफाई करते हैं तो शॉर्ट सर्किट होने का खतरा रहता है। यही नहीं, अगर आप चालू टीवी की सफाई करते हैं तो इससे करंट लगने की संभावना भी रहती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप सबसे पहले अपनी टीवी का मेन प्लग हटा दें और इसके बाद ही इसकी सफाई करें।

### माइक्रोफाइबर कपड़े का करें इस्तेमाल

अगर आप चाहते हैं कि टीवी स्क्रीन को साफ करते समय उस पर खरोंच न पड़े तो इसके लिए माइक्रोफाइबर कपड़े का इस्तेमाल करना बेहतर हो सकता है। सबसे पहले टीवी को एक तरफ से आराम से पकड़ें और फिर स्क्रीन को माइक्रोफाइबर कपड़े से हल्के हाथों से साफ करें। अगर आपके पास माइक्रोफाइबर कपड़ा नहीं है तो इसकी जगह किसी ऐसे कपड़े का इस्तेमाल करें जो बहुत सॉफ्ट हो।

### सिरका और पानी का घोल बनाएं

अगर आपके पास स्क्रीन क्लीनिंग सॉल्यूशन नहीं है तो आप घर पर खुद इसे तैयार कर सकते हैं। इसके लिए सफेद सिरका और पानी को बराबर मात्रा में एक जार में मिलाएं और फिर माइक्रोफाइबर कपड़े को इसमें डुबोकर अच्छी तरह से निचोड़ लें। इसके बाद इससे टीवी की स्क्रीन को साफ करें। यकीनन इस मिश्रण से टीवी की स्क्रीन पर लगी धूल-मिट्टी और दाग आसानी से निकल जाएंगे।

### इन बातों पर भी दें विशेष ध्यान

टीवी स्क्रीन को माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछते समय उस पर बिल्कुल भी दबाव न डालें और न ही इस पर लगे धब्बों को खुरचने की कोशिश करें क्योंकि इससे स्क्रीन को नुकसान हो सकता है। 2) टीवी स्क्रीन को साफ करने के लिए कागज, टिश्यू पेपर या पुराने शर्ट आदि का इस्तेमाल न करें। 3) टीवी स्क्रीन को साफ करने के लिए सिर्फ पानी का इस्तेमाल करने से भी बचें क्योंकि इससे टीवी खराब हो सकती है।

## मिस राजस्थान ईशा आनंद का कातिल लुक इंस्टा पर हुआ वायरल, फैंस की थमी सांसे



टीवी एक्ट्रेस भी अपने हॉटनेस का तड़का लगाने में कभी पीछे नहीं रहती है। छोटे पर्दे की मशहूर एक्ट्रेस ईशा आनंद शर्मा की कुछ तस्वीरें इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। इन वायरल तस्वीरों को खुद ईशा आनंद ने अपने सोशल नेटवर्किंग साइट इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इंटरनेट पर जो तस्वीरें ईशा की छाई हुई हैं, उसमें उनका बेहद बोल्ड अवतार नजर आ रहा है। टीवी शो 'स्पिलिट्सविला 9' में नजर आ चुकीं ईशा आनंद शर्मा को पहचान टीवी शो 'कुंडली भाग्य' से मिली थी। इसके बाद वह 'तेरे प्यार की' और 'सीआईडी' जैसे कई टी शो में नजर आईं। ईशा इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। इसलिए ईशा की सोशल मीडिया पर फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 3 लाख से ज्याद लोग फॉलो करते हैं। मिस राजस्थान जीतकर 2008 में ग्लैमर इंडस्ट्री में पदार्पण किया।

## वन-टू-वन

### जप्तशुदा ट्रक एवं गौवंश के हितधारी जप्तशुदा वाहन एवं गौवंश के मालिक प्रमाण के साथ 10 अगस्त को न्यायालय में प्रस्तुत हों

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। जिला दण्डाधिकारी भिण्ड सतीश कुमार एस ने जप्तशुदा ट्रक एवं गौवंश के हितधारी जप्तशुदा वाहन एवं गौवंश के मालिक के रूप में ठोस प्रमाण के साथ कलेक्टर न्यायालय में 10 अगस्त 2021 को पेशी पर स्वयं अथवा अधिकृत अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर जिला दण्डाधिकारी के समक्ष समर्थन प्रस्तुत करें। जर्रे नोटिस के माध्यम से सूचित किया है कि पुलिस अधीक्षक भिण्ड के 1 मार्च 2021 के प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया है कि 20 फरवरी 2021 को चौरई बस स्टेण्ड से ट्रक कन्टेंनर क्र.यूपी-21/सीएन-4350 में 21 गाय के बछड़ों को बंद करने के लिए परिवहन करते पाए जाने पर थाना असवार जिला भिण्ड में अपराध क्र.12/21 धारा 6/9, 9 म.प्र. गौवंश प्रति.अधि.11(ध) पशु क्रूरता अधिनियम पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में जप्तशुदा वाहन ट्रक क्र.यूपी-21/सीएन-4350 के विरूद्ध राजसात की कार्यवाही किए जाने हेतु निवेदन किया गया है। जप्तशुदा ट्रक एवं गौवंश के हितधारी जप्तशुदा वाहन एवं गौवंश के मालिक के रूप में ठोस प्रमाण के साथ जिला दण्डाधिकारी जिला भिण्ड के न्यायालय में पेशी दि.10 अगस्त 2021 को स्वयं अथवा अधिकृत अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर जिला दण्डाधिकारी जिला भिण्ड के समक्ष पक्ष समर्थन प्रस्तुत करें। नियत पेशी दिनांक को तदाशय का हितसंरक्षण /पक्ष समर्थन प्रस्तुत न किए जाने की दशा में जप्तशुदा ट्रक/ गौवंश को शासन हित में राजसात किया जाकर नीलामी की कार्यवाही की जावेगी। नियत तारीख के उपरांत प्रस्तुत आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होंगे।

### माइनिंग टास्कफोर्स की बैठक सम्पन्न

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में माइनिंग टास्क फोर्स की बैठक कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में एडीएम प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदय सिंह सिकरवार, एसडीएम लहार आरए प्रजापति, एसडीएम गोहद शुभम शर्मा, एसडीएम मेहगांव विजय राय, जिला खनिज अधिकारी आरपी भदकारिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बरसात के मौसम में नदी से रेत खनन पर पूर्ण रोक है। इस दौरान ऐसा करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अनुमति प्रदान रेत भंडारण स्थलों का वेरिफिकेशन किया जाये। बैठक में खनिज परिवहन के संबंध में भी चर्चा की गयी।

### मारपीट एवं पथराव करने पर आरोपियों खिलाफ मामला दर्ज

झांसी। नगर के थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पहाड़पुरा में विगत रात्रि आधा दर्जन से अधिक लोगों ने एकजुट होकर गाली- गलौज करते हुए मारपीट करने एवं पथराव करने पर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। बादी बलबहादुर सिंह के अनुसार ग्राम पहाड़पुरा में बिगत दिनांक 04/07/2021 रात्रि के लगभग नौ बजे के लगभग आधा दर्जन लोग एकजुट होकर गाली- गलौच करने लगे जब मना किया तो मारपीट करते हुये पथराव शुरू कर दिया जिससे मोटरसाइकिल एवं बिजली मीटर छतिग्रस्त हो गया। उक्त लोग द्वारा जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने बलबहादुर सिंह निवासी ग्राम पहाड़पुरा की तहरीर के आधार पर ग्राम के निवासी जितेंद्र सिंह उर्फ शीलू,देववृत उर्फ देवा, रामनरेश,पारस सिंह, राजपाल सिंह,रन्धीर सिंह, एवं थाना समथर क्षेत्र के ग्राम अंगथरी निवासी योगेन्द्र सिंह उर्फ लला, के विरुद्ध धारा 147,323, 504, 506,336,427 के अन्तर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ब्लाक प्रमुख पद के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री

झांसी। बुधवार को मोठ ब्लॉक कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख पद के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। सहायक निर्वाचन अधिकारी /तहसीलदार मोठ डॉ लाल कृष्ण ने बताया कि बुधवार को ब्लॉक कार्यालय में 10 नामांकन पत्रो की बिक्री हुई है। गुरुवार को दोपहर 3 बजे तक बिक्री की जाएगी। उसके पश्चात 3 बजे से शाम 5 बजे तक पत्रो की जांच की जाएगी।

### चार आरोपियों खिलाफ शांति व्यवस्था भंग करने पर कार्रवाई

झांसी। कोतवाली पुलिस ने विभिन्न ग्रामों में लड़ाई झगड़ा कर शांति व्यवस्था बन कर रहे आरोपियों खिलाफ कार्रवाई पंजीकृत किए जिसमें उनका धारा 151 के तहत चालान किया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम अमरा निवासी संजू जाटव पुत्र मातादीन जाटव एवं ग्राम चेलरा निवासी सुरेश कुमार पुत्र धंजू अहिरवार रविंद्र पुत्र सुरेश अहिरवार विशाल पुत्र नंदकिशोर ग्राम चेलरा को सूचना मिलने पर शांति भंग के आरोप में हिरासत में ले लिया। पुलिस ने हंगामा कर रहे एवं आने जाने वाले लोगों को परेशान कर रहे तथा शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में उक्त आरोपियों का धारा 151 के तहत चालान किया गया।

# 'कैलाशवासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन द्वारा संचालित कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर पर उमड़ा जनसैलाब

## मास्क व सोशल डिस्टेंस का नहीं रखा जा ध्यान, शासन के नियमों की उड़ रहीं धज्जियाँ

**उमाकान्त शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड द्य कैलाशवासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा संगठन अभियान के तहत भिंड शहर के व्यापार मंडल धर्मशाला परिसर में कैलाश वासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन द्वारा संचालित कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर पर लगभग 5 सैकड़ा लोगों ने वैक्सीन लगवाई। वैक्सीन लगवाने आए महिला,युवाओं और बुजुर्गों ने बताया कि वैक्सीनेशन सेंटर पर बहुत भीड़ होने की वजह से सुबह से क़तार में खड़े हैं।और 3 घंटे हो गए अभी तक वैक्सीन नहीं लग पाई।हम सब लोग पूर्ण रूप से सुरक्षित होने के लिए वैक्सीन लगवाने आये हैं

लेकिन वहाँ पर बहुत से लोगों ने मास्क भी नहीं लगाया था।तथा सोशल डिस्टेंस का भी कोई ख्याल नहीं रखा जा रहा था

वहाँ पर मौजूद लोगों ने बताया कि सुबह से लाइन में लगे होने के बाबजूद भी नम्बर नहीं लग पा रहा है

यहाँ बात दें कि कैलाश वासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के तहत 31 अप्रैल से प्रारंभ होकर प्रतिदिन काफी संख्या में लोग भाग लेकर आगे बढ़ रहे हैं कई हजार लोगों ने इस सेंटर पर टीकाकरण अभियान का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और निरंतर भी जारी है 7

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रमेश दुबे ने टीका लगवाने आए सर्व समाज के लोगों को धन्यवाद देते हुए उन्हें बधाई दी और कहा इस संकट की घड़ी में आप सबकी जनभागीदारी भी सुनिश्चित है लेकिन वैक्सीनेशन सेंटर पर शासन की कोविड गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है तथा लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जब संबाददाता द्वारा मास्क ना लगाने का कारण पूछा गया तो लोगों ने गर्मी बहुत है का बहाना बना दिया सुबह से गर्मी में लाइन में खड़े है इसलिए हटा दिया है।

**इनका कहना**

सुबह 9 बजे से लाइन में खड़े हैं लेकिन मेरा नम्बर नहीं आया और कई लोग आए और टीका लगवाकर चले भी गए।

**आनन्द श्रीवास इटावा रोड भिण्ड**

-----------------------------------

मै सुबह 9 बजे से लाइन में लगी हुई हूं फिर भी अभी तक नम्बर नहीं आया पिछले 3दिन से आ रही हूं फिर भी वैक्सीन नहीं लगी।

**रेखा जैन भिण्ड**

-----------------------------------

वैक्सीन के लिए एक सदस्य का रजिस्ट्रेशन करने के लिए कम से कम 10 मिनट का समय लगता है ऐसे में समय तो लगता है।

**नीरज कुमार यादव (कंप्यूटर ऑपरेटर)**

# जरूरतमंद बहन के विवाह में सहयोग करना हमारा सौभाग्य : अभय

### युवा गहोई सेना का पुनीत कार्य उपहार भेट कर गरीब कन्या के पैर

**संदीप प्रधान, पुष्पांजली टुडे**




दतिया ~ समाज सेवा मानव सेवा की सर्वोच्च संस्था युवा गहोई सेना बड़ौनी, इंदरगढ़ और दतिया में निरंतर समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रियता से कार्य कर सेवा के क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। सेवा व दान,धर्म की कड़ी में युवा गहोई सेना ने दतिया के लोकप्रिय युवा समाजसेवी युवा गहोई सेना के संस्थापक अभय गुप्ता नेताजी व युवा गहोई सेना बड़ौनी ब्लॉक उपाध्यक्ष राजा गुप्ता के नेतृत्व में दतिया जिले की बड़ौनी निवासी बहन पूजा प्रजापति ( जिस के माता पिता नही है) के विवाह स्थल प्रजापति मंदिर पर सदस्यों के साथ शामिल होकर कन्या को एक एलसीडी टीव्ही व दो साड़ी व अन्य सामग्री उपहार भेट करने के साथ पैर पूज कर सभी ने बहन से आशीर्वाद लिया । युवा गहोई सेना संस्थापक अभय गुप्ता नेता जी ने बताया कि बहन पूजा के माता पिता इस दुनिया में नही है तथा हम सभी ने परिवार के सदस्य के रूप में भूमिका निभाते हुए विवाह में सहयोग किया और विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। जिसकी लोगो द्वारा प्रसंशा की गई। पुनीत कार्यो के लिए गहोई सेना सदैव तत्पर है। अभय ने आगे कहा कि मानव सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है ऐसा करने से पुण्य के साथ साथ यश कीर्ति भी बढ़ती है। ऐसे पुण्य के कार्य आप सभी के सहयोग से ही हो पाते है तथा बड़ौनी ब्लॉक उपाध्यक्ष राजा गुप्ता ने कहा कि कोई भी बहन अपने आप को समाज से उपेक्षित ना समझें, हम सब हमेशा आप सब का सहयोग करते रहेगे। इस अवसर पर रोहित रेजा,भारत इटौरिया,जिला प्रभारी उत्सव गहोई,राजा गुप्ता,अंकित गुप्ता,लकी सेठ,आकाश इटोरिया,राज पहारिया,विवेक गुप्ता,अक्कू सेठ,प्रशांत सेठ,इशांत इटोरिया,अनिकेत गुप्ता,वाशु गुप्ता,सत्यम गुप्ता,देव गुप्ता,कृष्णा गुप्ता,केतन गुप्ता, नमन गुप्ता,नानू गुप्ता,श्याम गुप्ता,पारस गुप्ता आदि युवा व गहोई सेना बडौनी के सदस्य उपस्थित रहे।

## भूर्तपूर्व मंत्री ए.बी.पाटील ने डॉक्टर चेतन राजपुरोहित को प्रशस्ति पत्र देकर किया समांनित



**पुष्पाजली टुडे**

बिजापुर~ बी एल डी सिकित्साल्य मे डॉक्टर चेतन राजपुरोहित का भूर्तपूर्व मंत्री ए.बी.पाटील ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया डॉक्टर चेतन राजपुरोहित ने बताया कि उनकी टीम के सिस्टर मजूनाथा व प्रजवल राजपुरोहित के सहयोग से कोविड मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया इस साल करीब दो हजार मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया डॉक्टर चेतन राजपुरोहित ने बताया की कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ के प्रयासों के परिणाम स्वरूप ही संभव हो पाया है कोरोना काल में बेंगलूर में जयदेवा अस्पताल व निमांस अस्पताल मे कोविड के मरीजों की देखभाल की व अन्य सेवाए देने वाले चिकित्सकों को संम्मानित किया गया डॉक्टर चेतन राजपुरोहित ने बताया की प्रदेश को तिसरी लहर का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा राज्य शासन इस ओर निरंतर सक्रिय हैं।

## मेहगांव रेस्ट हाउस पर धानुक समाज के अध्यक्ष छोटू धाकड़ ने धानुक समाज के कार्यकारिणी का विस्तार किया



**बृजपाल सीटू सिंह गुर्जर संवादाता**

पुष्पांजली टुडे

मेहगांव रेस्ट हाउस पर धानुक समाज के जिला अध्यक्ष छोटू धाकड़ ने धानुक समाज की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए धानक समाज के मेहगांव ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर धर्मेंद धाकड़ को नियुक्त किया और उनको माला पहना कर सभी लोगों ने शुभकामनाएं दी इस मौके पर कई लोग उपस्थित रहे जिसमें भाजपा महामंत्री रोहित करैया कालीचरण शाक्य अनूप सिंह अमन गर्ग रवि इंदौरिया नीतू श्रीवास सूरज शर्मा रॉकी भार्गव रिंकू राठौर रवि प्रताप शर्मा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुरैना में सो रही बुजुर्ग की हत्या

## तड़के 4 बजे घर के बाहर कुल्हाड़ी से महिला के कान काटे, फिर सिर पर वार किए

### बेटी का आरोप- मेरे देवर ने मारा

**गौरव शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**



कैलारस थाना क्षेत्र के गुलपुरा गांव में गुरुवार तड़के 4 बजे झोपड़ी के बाहर सोती हुई बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई। आरोपियों ने पहले कुल्हाड़ी से महिला के कान काटे। इसके बाद सिर पर वार किए। महिला के साथ उसकी बेटी भी रहती थी। बेटी ने अपने ससुराल वालों पर आरोप लगाया है, हालांकि पुलिस को बेटी की कहानी पर संदेह है चंदा यादव (65) अपने पति की मौत के बाद बेटी के साथ गांव में ही झोपड़ी में रहती थी। रात में चंदा झोपड़ी के बाहर खाट पर जब कि बेटी भूरी अंदर सो रही थी। भूरी ने पुलिस को बताया कि तड़के करीब 4 बजे घर में उसका देवर कुछ लोगों के साथ आया। आरोपियों ने पहले कुल्हाड़ी से मां के कान काट दिए। उसके बाद सिर पर वार कर हत्या कर दी। भूरी ने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्?ठा हो गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। यहां खून से लथपथ महिला का शव खाट पर पड़ा था *मेरी मां को मेरे देवर ने मारा है*पुलिस के मुताबिक, शादी के बाद भी भूरी किसी कारण से अपने ससुराल में नहीं रहती थी। वह अपनी मां के साथ गांव से थोड़ी दूर झोपड़ी रहती है। ससुराल वाले उसे लेने भी आए थे, लेकिन वह नहीं गई। भूरी का आरोप है कि इस कारण उसके ससुराल वाले नाराज रहते थे। वह कई बार उस पर और मां पर दबाव बना चुके हैं। भूरी ने पुलिस को बताया कि इसी से नाराज होकर उसका देवर जीतेंद्र यादव सुबह 4 बजे 4-5 लोगों के साथ आया और मां की हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि वह अभी लड़की की बात पर विश्वास नहीं कर रही है। वह इस मामले की बारीकी से जांच कर रही है। जांच के बाद ही किसी ठोस नतीजे पर पहुंचेगी *लड़की की जानकारी ले रही पुलिस पुलिस को यह मामला पेचीदा लग रहा है। पुलिस लड़की का बैकग्राउंड भी खंगाल रही है। पुलिस इस बात का भी पता लगा रही है कि भूरी यादव लंबे समय से अपनी ससुराल क्यों नहीं गई। कैलारस स्ध्रक्क शशिभूषण रघुवंशी का कहना है कि भूरी यादव ने देवर जीतेंद्र यादव व उसके चार अन्य साथी के खिलाफ बयान दिया है। मामले की पड़ताल की जा रही है।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया के मंत्री बनने पर भाजपा नेताओ ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाई,किया खुशी का इजहार

**दबोह(अर्पित गुप्ता)**

महाराज श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी और शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया।पर देश मे फैले कोरोना महामारी के चलते मंत्रिमंडल बिस्तार लटका हुआ था जिसका बुधवार को बिस्तार किया गया जिसमें ग्वालियर की शान महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया जी को केंद्र के मंत्रिमंडल में शामिल कर शपथ दिलाई जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं की खुशी का कोई ठिकाना न रहा।महल से तालुकात रखने वाले नगर मंडल महामंत्री राव साहब गुर्जर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ ने दबोह नगर के स्थानीय झंडा चौक पर महाराज



ज्योतिरादित्य सिंधिया एवम मंत्रिमंडल में शामिल सभी मंत्रियों को बधाई प्रेषित की।इस दौरान मौजूद मंडल महामंत्री राव साहब गुर्जर ने कहा कि महाराज सिंधिया के मार्गदर्शन में हम ग्वालियर चंबल अंचल की हर सीट पर बिजय हासिल केरेगें और इसी क्रम में आज सिंधिया समर्थक भाजपा नेताओ झंडा चौक पर गोले चलबाकर मिठाई वितरित की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से भगवान नायक ,केशव गुप्ता, राजेन्द्र गुर्जर, रविन्द्र चिकवा, दिवान सिंह कौरव, रामलखन कुरचानियाँ, हरदास महाराज, शिवम चतुर्वेदी, अरविंद गुप्ता, शंशाक बुधौलिया, चिराग गुप्ता,सुभाष यादव, राजा यादव, राहुल गुर्जर,टिंकू दीक्षित, गोटीराम यादव के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# विधायक मेवाराम जाटव ने किया ओपन जिम का लोकार्पण

## विधायक मेवाराम जाटव की अनुशंसा पर खेल विभाग ने की 18 लाख की ओपन जिम गोहद में स्थापित

**गोहद।**

क्षेत्र के नागरिकों एवं बच्चे बच्चियों की शारीरिक क्षमता हष्ट पुष्ट रखने के लिए स्थानीय विधायक मेवाराम जाटव की अनुशंसा पर खेल विभाग ने गोहद में 18 लाख की लागत से गोलंबर तिराहा के पास सर्वोदय स्कूल में ओपन जिम स्थापित की है जिसका आज लोकार्पण गोहद विधायक मेवाराम जाटव के द्वारा किया गया इस अवसर पर बोलते हुए विधायक जाटव ने कहा कि स्थानीय नागरिकों एवं बच्चे बच्चों के शरीर को फिट रखने के लिए गोहद में खेल विभाग के द्वारा जिम स्थापित की गई है इसमें नगर का कोई भी नागरिक आकर अपने शरीर को हष्ट पुष्ट व फिट रख सकता है यह जिम गोहद विधानसभा के प्रत्येक नागरिक के लिए सुबह 6ः00 बजे से शाम के 5ः00 बजे तक खुली रहेगी जिम



का लाभ लेने के लिए जिम के संचालक संतोष गौड एवं रवि गौड से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गोहद नगर में जिम लगने से यहां के बच्चे बच्चियां जो पुलिस एवं फौज के लिए तैयारी करते हैं व अपने शरीर को हष्ट पुष्ट व फिट रखकर जिम के माध्यम से तैयारी कर सकेंगे। आगे आने वाले समय में गोहद में इंडोर जिम भी लगवाने का प्रयास किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के लोगों को जिम का लाभ लेने के लिए बाहर न जाना पड़े। कार्यक्रम के अंत में विधायक जाटव ने ओपन जिम का पूजन कर फीता काटकर लोकार्पण किया गया। जिम में लगे हुए 11 यंत्रों में से कुछ यंत्रों पर विधायक जाटव के साथ-साथ उनके समर्थकों ने भी व्यायाम किया। इस अवसर पर आशीष गुर्जर, राजकुमार देशलहरा, साबू खान, राजेंद्र परिहार, कैलाश माहौर मनोज गुप्ता धारा सिंहखेल विभाग के पदाधिकारी मुकेश अर्गल, राकेश सगर, देवेश सर्वेश, केशव शर्मा, अरविंद शर्मा, संतोष गौड़, रवि गौड़, एवं राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तरीय कबड्डी महिला एवं पुरुष खिलाड़ी उपस्थित थे।

## वन-टू-वन

### दिल्ली की तीनों बॉर्डर पर किसानों ने महंगाई के खिलाफ किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्र सरकार के कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलनरत किसानों ने आज दिल्ली के तीनों बार्डर पर महंगाई के खिलाफ थाली के जवाब में हार्न बजाकर प्रदर्शन किया। गाजीपुर बार्डर पर किसान नेता राकेश टिकैत ने सिलेंडर लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि विपक्ष भी कमजोर है, इसलिए महंगाई के खिलाफ किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। गौरतलब है कि कृषि कानूनों के विरोध में गाजीपुर सीमा पर किसान राकेश टिकैत की अगुवाई में आंदोलनरत हैं। राकेश टिकैत ने कहा था कि सरकार के रुख को देखते हुए लगता है कि किसान आंदोलन अभी लंबा चलेगा। 43 महीने तक किसान आंदोलन करते रहेंगे। ये सरकार तीन साल में ठीक होगी। टिकैत से जब पूछा गया कि आंदोलन में सिर्फ पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ही किसान हिस्सा ले रहे हैं तो उन्होंने कहा, पूरे देश का किसान केंद्र सरकार के कृषि कानूनों के खिलाफ है। सरकार किसानों की जमीनें बड़ी-बड़ी कंपनियों को देना चाहती है। किसान सरकार के इस मंसूबे को सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के भी किसान सरकार की नीतियों से परेशान हैं। बिहार में मंडियां खत्म कर दी गईं। फसल का उचित दाम किसानों को नहीं मिल पा रहा है। 10-10 एकड़ जमीन वाले किसान मजदूरी करने को मजबूर हैं। सरकार जनता से है।। किसान परमानेंट रहेगा। सरकार परमानेंट नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि अभी कानून वापसी का नारा लगा रहे हैं, क्या चाहते हैं सत्ता वापसी का नारा लगा दें?

### मप्र के नए राज्यपाल के रूप में मंगूभाई पटेल ने शपथ ग्रहण की

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के नए राज्यपाल के रूप में मंगूभाई पटेल ने शपथ ग्रहण की। चीफ जस्टिस मोहम्मद रफीक ने राजभवन में गुरुवार को उन्हें शपथ दिलाई। इस मौके पर पूर्व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी मौजूद थे। बता दें कि कोरोना काल के चलते कार्यक्रम में 100 लोगों को ही आमंत्रित किया गया था। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्र एवं पूर्व मंत्री पीसी शर्मा भी मौजूद रहे। राजभवन के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था, बगैर आमंत्रण पत्र के किसी को भी अंदर आने की अनुमति नहीं थी। वहीं पहले गुजरात के पूर्व मंत्री मंगूभाई छगनभाई को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को नया राज्यपाल नियुक्त किया था। मंगूभाई गुजरात के नवसारी से 6 बार विधायक रह चुके हैं। इसके साथ गुजरात की मोदी सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री भी रह चुके हैं।

### गुरनाम सिंह चढ़ूनी चुनाव लड़ने पर टिकैत ने कहा, आंदोलनकारी को चुनाव में नहीं जाना चाहिए

**नई दिल्ली (ए)।** पिछले 7 महीने से केंद्र सरकार के कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन जारी है। दिल्ली के अलग-अलग बॉर्डर पर किसान अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। इस बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बड़ा बयान देकर कहा कि राजनीति से प्रेरित होकर वे इस आंदोलन को चलाए हुए हैं। आंदोलन में किसानों की समस्याओं को लेकर उनका कोई सरोकार नहीं है, किसान नए कृषि क़ानूनों का अच्छा मानता है। खट्टर का बयान किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी के चुनाव लड़ने को लेकर दिए गए बयान के बाद आया है। खट्टर के बयान को लेकर किसान नेता राकेश टिकैत ने पलटवार कहा कि ये संयुक्त मोर्चे का फैसला नहीं है। ये गुरनाम सिंह की सोच हो सकती है। बहुत लोगों का इस तरह का विचार है कि चुनाव में जाएं लेकिन अभी ये फैसला नहीं है। हमारा मानना है कि आंदोलनकारी को चुनाव में नहीं जाना चाहिए। आंदोलन गैर राजनीतिक रहे। चुनाव से फायदा नहीं होगा। आपको बताता है कि किसान और सरकार के बीच लगभग 10 दौर की बातचीत हो चुकी है। लेकिन किसान अपनी मांग पर लगातार अड़े हुए हैं।

### हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर कुमार रामसे का निधन

**मुंबई (ए)।** फिल्म इंडस्ट्री के लीजेंड अभिनेता दिलीप कुमार के निधन से लोग अभी उबर भी नहीं थे कि एक और दुखद खबर आ गई। हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर कुमार रामसे का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। 85 साल की उम्र में रामसे ब्रदर्स में सबसे बड़े कुमार रामसे नहीं रहें। मिली जानकारी के मुताबिक मुंबई के हीरानंदानी स्थित अपने घर में अंतिम सांस ली। हॉरर फिल्मों की पटकथा लिखने वाले कुमार रामसे अपने पीछे पत्नी शीला और उनके तीन बेटे राज रामसे, गोपाल रामसे और सुनील रामसे को छोड़ गए हैं। उनके बेटे गोपाल के मुताबिक गुरुवार सुबह साढ़े 5 बजे दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। फिल्म निर्माता एफ यू रामसे के बेटे कुमार रामसे सात भाईयों में सबसे बड़े थे। इन भाईयों ने हॉरर फिल्म बनाई और इनका नाम ही डरावनी फिल्मों के लिए जाना जाता है। 70-80 के दशक में कम बजट में कई शानदार फिल्में देने वाले रामसे ब्रदर्स में कुमार स्क्रिप्ट संभालते थे। इनकी फिल्मों काफी पसंद किया जाता था। रामसे ब्रदर्स की फिल्मोमें 'और कौन ?' और 'दहशत' 'साया', 'खोज', 'पुराना मंदिर जैसी फिल्में शामिल हैं। साया में शत्रुघ्न सिन्हा थे, वहीं खोज में ऋषि कपूर और नसीरूद्दीन शाह ने काम किया था।

सफलता की कहानी

## मूंग की जैविक खेती अपनाकर किसान हुआ खुशहाल



किसान का नाम - श्री अमर सिंह धाकड़
पिता का नाम- श्री नारायण सिंह
ग्राम - लाभकरन
विकासखंड- कैलारस
जिला- मुरैना
मो. -9009633838
भूमि रकबा-0.4 एकड़

मैं अमर सिंह धाकड़ ग्राम लाभकरन विकासखंड कैलारस जिला मुरैना का रहने वाला एक सामान्य किसान हूं पहले में साधारण तरीके से खेती किया करता था लगभग 3 वर्ष पहले में कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना के अधिकारी श्री जयदीप सिंह भदोरिया से मिला और मैंने आत्मा के स्टाफ के सहयोग से मूंग का फार्म स्कूल जैविक खेती (परंपरागत खेती) से किया उसके बाद देखा कि हमारी मूंग में बीज का अंकुरण एवं कलर दोनों ही अच्छे थे हमारी मूंग की फसल में रोग एवं कीट का प्रकोप भी कम हुआ इसलिए फसल में लागत भी कम आई एवं उत्पादन अपेक्षाकृत अधिक हुआ

इस प्रकार जैविक खेती से मुनाफा अधिक होने के कारण मेरी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ आज मैं अपने खेत में जैविक खेती के माध्यम से फसलों का उत्पादन कर रहा हूं



**अमर सिंह धाकड़**
**ग्राम लाभकरन**

## ललितपुर जिला चिकित्सालय की खुली पोल





**अमित पाठक रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

ललितपुर / जिला अस्पताल में डॉक्टरों के अभाव में मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है और मरीज हताश होकर ।बिना इलाज के घर को जा रहे हैं । सबसे बड़ी समस्या उन मरीजों को होती है जो दूर दूर से शहर मैं अच्छे इलाज के लिए आते हैं यह सोच कर कि शहर में अच्छा इलाज हो जाएगा लेकिन जब वह जिला चिकित्सालय आते हैं तो डॉक्टर वहां अपने निर्धारित समय पर नहीं बैठते हैं जिससे उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है और वह बिना इलाज के अपना समय और पैसा बर्बाद करके घर को बिना इलाज कराए बिना घर चले जाते हैं। जिस कारण से गांव में बैठे बिना डिग्री के झोलाछाप डॉक्टरों से उन्हें अपना इलाज करवाना पड़ता है जोकि अपनी जान जोखिम में डालने जैसा होता है। लेकिन प्रशासन एवं चिकित्सा अधिकारी इस मामले पर मौन साधना में लिप्त है ।

इस मामले पर जब पुष्पांजलि टुडे के रिपोर्टर अमित पाठक ने चिकित्सा अधिकारी से बात की तो उन्होंने डॉक्टरों की कमी एवं कई प्रकार की ड्यूटी करने का बहाना बता कर अपना पल्ला झाड़ लिया ।

## श्योपुर जिले में फलफुल रहा है स्मैक का कारोबार

**विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

श्योपुर जिला मुख्यालय से लेकर पांडोला, दांतरदा, कराहल, गोरस, सोंईकलां, ढोंटी,, आवदा, बड़ौदा, राजपुरा सहित दर्जन भर से ज्यादा इलाकों में स्मेंक का कारोबार बड़े स्तर पर किया जा रहा है। इसकी वजह से कई युवा काल के गाल में समा रहे हैं और कई नशे की जरूरत को पूरी करने के लिए चोरी-लूट जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इससे श्योपुर जिले में अशांति बढ़ रही है। बढ़ते हुए स्मैक के कारोबार को लेकर आमजन से लेकर समाजसेवी बेहद चिंतित हैं लेकिन कई शिकायतों के बाद भी पुलिस महकमे के अधिकारी स्मैक बेचने वाले कारोबारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

गौरतलब है कि जिले की सीमा से सटे राजस्थान के खातोली, सवाईमाधौपुर और कोटा सहित अन्य शहरों से जिले में स्मैक की सप्लाई की जाती है। इसे बड़ी आसानी से जिले के स्मैक तस्कर पूरे जिले भर के कारोबारियों के यहां पहुंचा देते हैं। फिर मोबाइल नेटवर्क द्वारा यह



तस्कर जहां-जहां से डिमांड मिलती जाती है। वहां-वहां स्मैक भिजवा देते हैं। दूसरी जगहों की बात क्या करें, जिला मुख्यालय पर शहर के बड़ा इमामबाड़ा मोहल्ले का एक कमरे से स्मैक भेजते हुए वीडियो वायरल हो रहा है वीडियो में क्लियर दिख रहा है किस तरह स्मैक दे रहे हैं और इन इलाकों में धड़ल्ले से बिक रही है हम्मालों मोहल्ला कर्बला पीर मजार गणेश गली बंजारा डैम इलाके सहित अन्य क्षेत्रों में स्मैक का कारोबार बड़े स्तर पर किया जाता है। इसकी जानकारी आमजन से लेकर कई पुलिसकर्मी व जिम्मेदार अधिकारियों को भी है लेकिन उनके द्वारा इस कारोबार पर लगाम नहीं लगाई जा रही है।

## स्वयं और दूसरों की सुरक्षा हेतु काफी तादाद में लगवाई वैक्सीन: अधिवक्ता शिल्पा डोगरा

**वासुदेव मिश्रा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**



ग्वालियर। शहर के जीवाईएमसी क्लब में गुरुवार को समाजसेवी श्री कृष्ण बिहारी गोयल के गौरवशाली सामाजिक संस्था की अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा के सराहनीय प्रयासों से एवं वैक्सीन के डोज लगाए जा रहे हैं जिसमें महिलाओं एवं पुरुषों ने प्रथम एवं द्वितीय डोज लगवाए गए जिसमें महिलाओं की संख्या काफी रही। समाजसेवी कुंजबिहारी गोयल के अथक प्रयासों एवं गौरवशाली सामाजिक संस्था की अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा के परिश्रम से करीब 45 लोगों को वैक्सीन लगवाई गई। 7 दिन के बाद वैक्सीन प्रारंभ होने पर काफी मात्रा में भीड़ देखी गई। वैक्सीन लगवाने में संस्था की वार्ड अध्यक्ष रानी गौड़,सदस्य श्रीमती लक्ष्मी करन एवं गजराज सिंह की सराहनीय भूमिका रही। संस्था के संकल्प कोई भूखा ना सोए जारी रखते हुए सूखा राशन सामग्री जरूरतमंदों को भी वितरित किया गया।संस्था अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा ने जानकारी दी कि शहर में कई ऐसे नाबालिक बच्चे हैं जो नशे के आदि हो गए हैं और नशे की हालत में बलात्कार, चोरी, लड़ाई झगड़ा जैसी घटनाएं अंजाम होते आ रही हैं। ऐसे नाबालिक बच्चों को नशे से मुक्त कराने हेतु संस्था एक मुहिम आगामी समय में चलाएगी।

## महा वैक्सीनेशन अभियान के तहत एमपीसीसीआई में आज 2000 लोगों का किया गया वैक्सीनेशन

### शाम को निकाले गये लक्की ड्रॉ में 7 लोगों ने जीता पुरस्कार

**ग्वालियर।** म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) में 6 अप्रैल से अनवरत जारी वैक्सीनेशन शिविर में आज वैक्सीनेशन महाअभियान के अंतर्गत 2000 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया।

आज ग्वालियर में पहली बार एक एनआरआई श्री स्वतंत्र कुमार पिडारा जी जो कि विकलांग थे, उन्हें वाहन में जाकर ही वैक्सीन लगवाई गई। उन्होंने 82 साल की उम्र में वैक्सीन का पहला डोज लगवाया।





एमपीसीसीआई में आयोजित वैक्सीनेशन शिविर के तहत आज लक्की ड्रॉ निकाला गया, जिनमें निम्नलिखित 7 लोगों ने पुरस्कार जीता:-

तनवी सिंघल, रामकुमार शर्मा, पुष्पा कुशवाह, सुनीता देवी कौरव, धनन्जय सिंह, सुरेन्द्र सिंह कुशवाह, अदिति मित्तल।

दिनांक 7 जुलाई के विजेताओं को लक्की ड्रॉ के बाद पुरस्कार वितरित किये गये।

एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल द्वारा शहरवासियों से वैक्सीनेशन कराने की अपील की गई है।

## वन-टू-वन

### लवजिहाद के विरोध में हिन्दू सेना ने किया जनक गंज थाने पर विरोध प्रदर्शन

**ग्वालियर।** ग्वालियर के लक्ष्मीगंज धर्म कांटे पर एक हिंदू परिवार की बेटी ईशिका पुत्री पप्पे खटीक को मुसलमान लडके शाहरुख पुत्र पप्पू खांन ने झूठी फेसबुक आईडी महेश सोनी के नाम से बना कर बहला फुसलाकर अगवा कर फरार हो गया है हिंदू परिवार के माध्यम से हिंदू सेना के प्रदेश अध्यक्ष संजय अग्रवाल के सूचना प्राप्त होते ही हिंदू सेना के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी जन थाने पहुंच कर प्रदर्शन किया अपराधी के खिलाफ लव जिहाद अपहरण और 420 के मुकदमा कायम कर कार्रवाई की मांग की तथा अपराधी लडके के परिवार के सभी सदस्यों को थाना जनक गंज में हिंदू सेना के प्रदर्शन के साथ ही गिरफ्तार कर लिया गया है हिंदू सेना के प्रदेश अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने प्रशासनिक अधिकारों को अवगत कराया कि अगर 24 घंटे के अंदर लड़की अगर घर नहीं आई तो हिंदू सेना उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी और समस्त हिन्दू समाज लेकर हिन्दू महापंचायत की जायेगी और तय किया जायेगा कि लवजिहाद एवं धमांर्तरण कि घटनाये हिन्दू बहन बेटियों के साथ मे नहीं होनी चाहिए सभी समाज जन को इसकी उग्र प्रतिक्रिया देनी चाहिए धर्म रक्षा के लिए हिन्दू सेना सदैव तत्पर रहती हैं प्रदर्शन करने वालो मे अमित गुप्ता धमेंदर शिंदे बसंत सेलमकर विजय हलचल रवि भिलवार अनिल पिसाल संजय झा अमन सोनी रूपा पवार राजकुमार गुप्ता मुकेश पाल छोटू कुशवाह गोलू जाटव मनीश दोहरे आदी कई

### निगमायुक्त श्री वर्मा ने बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने विभागीय समीक्षा करते हुए विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए। निगम मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में निगमायुक्त श्री वर्मा नगर निगम के सभी विभागों के न्यायालयीन प्रकरणों को लेकर विभागवार जानकारी तथा चर्चा की। निगमायुक्त श्री वर्मा ने सभी प्रकरणों में समय से आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने एवं समय से जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अन्य बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए समयसीमा में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता, श्री राजेश श्रीवास्तव, श्री संजय मेहता, अपर आयुक्त वित्त श्री देवेन्द्र पालिया, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा, श्री आरएलएस मौर्य सहित अन्य सभी विभागाधिकारी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का फेसबुक अकाउंट है क्राइम ब्रांच ने किया मामला दर्ज

**ग्वालियर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के फेसबुक अकाउंट को बीती रात कुछ देर के लिए किसी ने हैक कर लिया गया था। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर आइडी हैक करने वाले की तलाश शुरू कर दी है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली थी। इसके बाद रात 12.23 बजे करीब अचानक उनके फेसबुक अकाउंट से कई सारे पोस्ट हुए। जिसमें उनके कांग्रेस में रहते हुए दिए गए बयान और वीडियो शामिल थे। इन फोटो एवं वीडियो के पोस्ट होते ही हडकंप मच गया। तुरंत साइबर टीम को एक्टिव किया गया। इसके चलते रात 12. 27 बजे सभी पुराने पोस्ट को हटा दिया गया। क्राइम ब्रांच ने केंद्रीय मंत्री की फेसबुक आइडी हैक करने के मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

### देवर के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज

**ग्वालियर।** शहर के थाटीपुर थाना क्षेत्र के कटयानी गली मे देवर द्वारा मारपीट और बदनाम करने की धमकी देकर बार-बार मिलने बुलाने से तंग आकर ही महिला ने फांसी लगाकर जान दी थी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाटीपुर थाना क्षेत्र के कट्यानी गली निवासी सुनीता ने बीती 14 जनवरी को अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। उसे फांसी के फंदे पर लटका देखकर परिजनों ने उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां पर उन्होंने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मामले की जांच की तो पता चला कि मृतका को रिश्ते का देवर श्रीकृष्ण रजक निवासी उटीला ब्लैकमेल कर रहा था और आरोपी उसे बदनाम करने की धमकी देकर मिलने बुलाता था। कई बार आरोपी मृतका से मारपीट भी कर चुका था।

# उत्तर प्रदेश के बदमाशों ने लगाई मध्य प्रदेश के ठेकेदार को चपत

### ग्वालियर में ठेकेदार ने कर्ज लेकर खरीदे 3 ट्रक, उत्तरप्रदेश के युवकों को किराए पर दिए; एक साल से ट्रक मिले और न किराया



**ग्वालियर।** ग्वालियर के ठेकेदार को उत्तरप्रदेश के जालौन के दो युवकों ने चपत लगा दी। दोनों युवक ठेकेदार से उसके 3 ट्रक किराए पर ले गए, लेकिन उसके बाद न तो ट्रक लौटाए और न ही किराया मिला। ठेकेदार ने बैंक से कर्ज लेकर ट्रक लिए थे। यही नहीं, गाड़ियों का इंश्योरेंस भी खत्म हो गया है। घटना जुलाई 2020 से अभी तक की है। पीड़ित ने शिकायत एसपी और विश्वविद्यालय थाने में शिकायत की है। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

ओहदपुर निवासी धर्मवीर सिंह गुर्जर पुत्र सूरतराम सिंह गुर्जर ठेकेदार हैं। उनके नाम पर एक 22 पहिया ट्रक नंबर M P07 H B-6383, एक 14 पहिया ट्रक नंबर M P07 HB-5458 हैं, जबकि एक 22 पहिया ट्रक नंबर M P07 HB-6408 धर्मवीर के फुफेरे भाई के नाम पर है। दोनों ने व्यवसाय के लिए टाटा मोटर कंपनी से तीनों गाड़ियां फाइनेंस कराई थीं। एक साल पहले जुलाई 2020 में उनकी मुलाकात उत्तर प्रदेश जालौन निवासी राघवेन्द्र सिंह और मंगल से हुई थी। उसके बाद राघवेन्द्र सिंह ने ऑफर दिया कि उनका जालौन में गाड़ियों का काम है, वह अच्छी कमाई करवा देंगे। उनको गाड़ी किराए पर दे दो। हर 6 महीने में हिसाब किया करेंगे। बैंक की किश्त भी हम वहीं से भर दिया करेंगे। गाड़ियों में वैसे ही घाटा हो रहा था, तो धर्मवीर और उसके फुफेरे भाई ने तीनों ट्रक राघवेन्द्र और मंगल को सौंप दिए। 24 जुलाई 2020 को वह ट्रक लेकर चला गया।

**न किश्त भरी न ट्रक लौट रहा:** ट्रक ले जाते समय राघवेन्द्र ने एग्रीमेंट करते हुए 5.40 लाख रुपए दिए थे। इसके बाद 6 महीने तक उसने गाड़ी चलाई। उसके बाद उसने पैसा नहीं दिया। धर्मवीर ने फाइनेंस कंपनी से संपर्क किया तो पता लगा कि अभी तक एक भी किशत जमा नहीं की गई है। उस पर हर महीने की कर्ज चढ़ता जा रहा है। इसके बाद लॉकडाउन लग गया।

**अब ट्रक लौटाने से किया इनकार:** अब जब लॉकडाउन खुला, तो धर्मवीर सिंह ने राघवेन्द्र से बात कर एक साल का किराया और फाइनेंस कंपनी के किशत के रुपए मांगे, तो ठग एक दो दिन की कहकर टालने लगा। इस पर धर्मवीर ने उसके ट्रक लौटाने के लिए कहा। अब राघवेन्द्र ने धमकाया, न तो वह ट्रक देगा और न ही रुपए देगा। पीड़ित ने मामले की शिकायत विश्वविद्यालय थाने में की है।

# चाबी बनाने आया और समेटे गहने महिला ने पकड़ा तो धक्का देकर भागा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में चाबी बनाने आए बदमाश ने नजर चुराकर लॉकर खोल लिया, फिर घर की मालिक महिला को पानी लेने भेजकर अंदर रखी ज्वेलरी और कैश पर हाथ साफ कर दिया। जब महिला लौटी तो उसे संदेह हुआ। महिला ने बिना डरे बदमाश की कॉलर पकड़कर तलाशी ली तो उसकी जेब से गहने निकलने लगे। तत्काल अपनी सास को बाहर से लोगों को बुलाने भेजा।

इसी दौरान अपनी जान बचाने के लिए बदमाश महिला को धक्का देकर भाग गया, लेकिन हड़बड़ी में वह अपनी साइकिल और बैग वहीं छोड़ गया है। महिला के आधे से ज्यादा गहने बच गए हैं। घटना एक दिन पहले शाम को गोसपुरा नंबर एक की है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर स्नढ्डक्रदर्ज कर ली है। साथ ही आरोपी की तलाश की जा रही है। उपनगर ग्वालियर के गोसपुरा नंबर एक ठाकुर मोहल्ला में रहने वाले शेर सिंह उर्फ शेरू सिंह सिकरवार पुत्र जीतसिंह सिकरवार ट्रेवल्स एजेंसी के संचालक हैं। काफी समय से उनके बेडरूम की अलमीरा की चाबी खो गई थी। शेरू को कई बार पत्नी कुसुम चाबी बनवाने के लिए कह चुकी थीं, लेकिन उन्हें समय नहीं मिल रहा था। एक दिन पहले मोहल्ले से एक सरदार साइकिल पर अपना बैग टांगकर आवाज लगाता हुआ जा रहा था। इस पर कुसुम ने उसे बुलाकर अलमीरा के गेट की चाबी बनाने के लिए कहा। युवक ने कुछ देर के प्रयास करने के बाद कुसुम से पानी पीने के लिए मांगा। जब कुसुम पानी लेने गई तो इसी बीच उसने अलमीरा से जेवर व नगदी बीस हजार रुपए निकाल लिए। जब महिला लौटी तो अंदर का लॉकर खुला दिखाई दिया। इस पर संदेह हुआ। उन्होंने लॉकर के अंदर झांककर देखा तो जेवर के डिब्बे खाली पड़े थे।



**ठग की कॉलर पकड़कर निकलवाए गहने:** कुसुम को समझते देर नहीं लगी कि सरदार ने अंदर से गहने चोरी किए हैं। महिला ने तत्काल सरदार की कॉलर पकड़ी और उससे कहा जितना भी सामान उठाया है यहां वापस निकाल दे। इस तलाशी में उसकी जेब से चांदी के तौड़ियां व अन्य सामान निकला। सरदार, बचने के लिए हाथ पैर चला रहा था। महिला ने अपनी सास से कहा कि वह बाहर जाकर कुछ लोगों को बुला लाएं। सास बाहर की तरफ गई, तभी कुसुम का ध्यान कुछ देर के लिए बंट गया और आरोपी उन्हें धक्का देकर भाग गया। भागते समय वह अपना बैग और साइकिल छोड़ गया है। महिला ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। साथ ही शोर मचाते हुए उसको तलाश किया, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**हौसले से बचाए आधे गहने:** बदमाश ने लॉकर से एक सोने की चेन, 20 हजार रुपए के साथ ही कुछ चांदी की तोडियां व बिछिए ले गया। लॉकर में रखे अन्य गहने बदमाश ने निकाले थे, लेकिन महिला के हौसले और बहादुरी के चलते वह छोड़कर भाग गया।

**हर साल 20 से 25 वारदातें ऐसी होती हैं:** यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी इसी तरह चाबी बनाने के नाम पर बदमाश लाखों रुपए के जेवर समेट ले गए हैं। हर बार वारदात करने के बाद यह बदमाश गायब हो जाते है, एक भी बार यह बदमाश पुलिस के हाथ नहीं आए हैं। प्रत्येक साल औसतन 20 से 25 वारदातें इस तरह की हो रही हैं। इतना ही नहीं वारदात करने वाले भेष बदलकर आते हैं।

### सुगम यातायात के लिए निगम एवं यातायात पुलिस ने 3 मार्गों पर चलाया अभियान

**ग्वालियर।** शहर की सुचारु यातायात व्यवस्था के लिए नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा विभिन्न प्रमुख मार्गों पर कार्यवाही करते हुए यातायात में बाधक अतिक्रमण हटाया एवं दुकान के बाहर रखा सामान जप्त कर अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। मदाखलत अधिकारी पूर्व विधानसभा श्री शैलेन्द्र सिंह चैहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर नोडल मदाखलत अधिकारी श्री केशव सिंह चैहान के निर्देशन में शहर में यातायात व्यवस्था का बेहतर बनाने के लिए निगम के मदाखलत अमले द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से शहर के प्रमुख मार्गों पर कार्यवाही की गई। जिसमें नदीगेट से इंदरगंज चैराहे तक, राजमाता चैराहे से मोटल तानसेन तक एवं 7 नम्बर चैराहे से बारादरी तक अभियान चलाकर मार्गों को यातायात के लिए सुगम बनाया गया।

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान जारी: किशोर कान्याल



**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में भी आयुष्मान भारत निरामय योजना के तहत पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 10 जुलाई को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत यह कार्ड बनाए जा रहे हैं। ग्वालियर जिले के पाँच सरकारी तथा 38 प्रायवेट अस्पतालों सहित कुल 43 अस्पतालों में कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। ज्ञात हो सरकार द्वारा आयुष्मान भारत निरामय योजना के तहत आयुष्मान कार्डधारी परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रूपए तक की निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। यह सुविधा सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ चिन्हित निजी अस्पतालों में भी प्रदान की जाती है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी किशोर कान्याल एवं प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वासथ्य अधिकारी डॉ. बिंदु सिंघल ने गुरूवार को मीडिया कार्यशाला के माध्यम से मीडिया प्रतिनिधियों से आयुष्मान भारत निरामय योजना की जानकारी जन-जन तक पहुँचाने का आग्रह किया, जिससे सभी जरूरतमंद परिवार 5 लाख रूपए तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त कर सकें। मीडिया कार्यशाला में जानकारी दी गई कि ग्वालियर जिले में 8 लाख 24 हजार 322 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 5 लाख 9 हजार 152 निरामय कार्ड बनाए जा चुके हैं। आयुष्मान कार्डधारी 81 हजार 579 परिवार अभी तक इस योजना के तहत लाभान्वित कराए जा चुके हैं।










स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478